इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
■ डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
■ प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
■ आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 अंक -280 राजनांदगांव, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

अब दुश्मनों की खैर नहीं, नौसेना को मिली अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी; चौंकाने वाली हैं खूबियां

नई दिल्ली। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल से लैस अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी गुरुवार को नौसेना को मिल गई। परमाणु शक्ति संपन्न आईएनएस अरिघात को विशाखापत्तनम में नौसेना में शामिल किया गया। आइएनएस अरिघात को भारत की नौसैनिक शक्ति और परमाणु प्रतिरोध क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बी (एसएसबीएन- शिफ, सबमरीन, बैलिस्टिक, न्यूक्लियर) कार्यक्रम भारत की एक अत्यंत गोपनीय परियोजना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में नौसेना में शामिल की गई आईएनएस अरिघात की लंबाई लगभग 112 मीटर है।

अरिहंत की परियोजना जुलाई 2009 में शुरू

यह के-15 मिसाइलों से लैस है जिनकी मारक क्षमता 750 किलोमीटर है। देश की पहली स्वदेश निर्मित परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिहंत' की परियोजना जुलाई 2009 में शुरू की गई थी और 2016 में उसका जलावतरण किया गया था।

83 मेगावाट के प्रेशराइज्ड लाइट-वाटर रिएक्टर

पनडुब्बियों में 83 मेगावाट के प्रेशराइज्ड लाइट-वाटर रिएक्टर लगे हैं जिससे वे बिना ऊपर आए लंबे समय तक पानी में रह सकती हैं। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने पर मिलेंगे 3 करोड़ : छत्तीसगढ़ सरकार ने की घोषणा; सिल्वर पर 2 करोड़ मिलेंगे

खेल अलंकरण समारोह में 502 खिलाड़ियों का सम्मान

रायपुर। राजधानी रायपुर के दीनदयाल आडोटोरियम में गुरुवार को खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सीएम श्री साय ने बड़ी घोषणा की है। सीएम श्री साय ने कहा कि, ओलंपिक में मेडल जीतने पर राज्य सरकार खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि देगी। स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़, रजत पदक जीतने पर दो करोड़ और कांस्य पदक जीतने पर एक करोड़ का पुरस्कार दिया जाएगा।

सीएम विष्णुदेव साय ने पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगे कहा कि, हम जल्द क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू करेंगे। इस योजना के तहत खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधा मिल सकेगी और खेलों को प्रोत्साहन मिल सकेगा। हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलें। इसके लिए हम बेहतर वातावरण बना रहे हैं।

खेल मंत्री बोले- सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कर रही है काम

खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि, सरकार खेलों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। खेल प्रशिक्षकों के रिक्त पदों को भरने का काम जारी है और खेल एकेडमी का विस्तार किया जा रहा है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने खेल अलंकरण पुरस्कार की स्थापना की थी। लेकिन कांग्रेस ने खेल पुरस्कार को बंद कर दिया था। पांच सालों बाद साय सरकार ने एक बार फिर यह योजना शुरू की है। हमने ही बनाया है और हम ही सवारेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष बोले- कांग्रेस ने 5 सालों में नहीं दिया खेल पुरस्कार

खेल अलंकरण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा कि, कांग्रेस सरकार जाने के बहुत से कारण थे। जिसमें से एक बड़ा कारण खिलाड़ियों की उपेक्षा भी थी। ये पिछले पांच सालों में खेल पुरस्कार नहीं दे पाए। मैं सीएम और खेल मंत्री को बधाई देता हूं। उन्होंने पिछले सात महिने में दो बार खेल पुरस्कार का आयोजन कर कसर पूरी कर दी। छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, 31 जिलों में खेलों इंडिया सेंटर खुले है। इससे बेहतर खेल के लिए अच्छा वातावरण बनेगा।

सांसद अग्रवाल बोले- उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिलेगी नौकरी

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, अब उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरी मिल सकेगी। इसके लिए सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कमेटी की गठित की गई है। इसके लिए मैं सीएम विष्णुदेव साय और खेल मंत्री को धन्यवाद देता हूं। सीएम विष्णुदेव साय ने वर्ष 2021-22 के लिए इन खिलाड़ियों को शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार से आशीष कुमार- सॉफ्ट बॉल, चित्रा- हैंडबॉल, मोना पटेल- फेंसिंग, विजय कुमार पटेल- वेटलिफ्टिंग सम्मानित किया है। शहीद कौशल यादव सम्मान सुभाष लहरे- वेतलिफ्टिंग, दुष्यंत निषाद- सॉफ्टबॉल, एम रवि राव- हैंडबॉल पाने वाले खिलाड़ी हैं।

वहीं शहीद विनोद चौबे सम्मान पाने वाले खिलाड़ी देवधर ठाकुर और मूलचंद साहू- एथलेटिक्स, राजेश पाटिल- लॉन टेनिस, चूणामणि ठाकुर- बॉक्सिंग है। वीर हनुमान सिंह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ी सुदर्शन सिंह- एथलेटिक्स, दुर्गा यादव- पैरा तैराकी हैं। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

शाह के सर्वे में टॉप पर रहने वालों को टिकट, बैठक में चला मंथन; सांसदों पर दांव खेलने की तैयारी



चंडीगढ़। हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की रणनीति में जुटी भाजपा टिकटों के आवंटन में बेहद सावधानी बरत रही है।

प्रत्याशियों को लेकर कई स्तर पर सर्वे कराए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सर्वे सूची में अव्वल रहने वाले दावेदारों को ही टिकट दिए जाएंगे। जिन सीटों पर भाजपा नेताओं के रिश्तेदार, पिता-पुत्र अथवा बेटी चुनाव जीतने की स्थिति में होंगे, उन्हें भी टिकट दिए जा सकते हैं।

90 सीटों के लिए पैनल बनकर तैयार

यदि कोई नेता किसी के लिए टिकट देने की जिद करता है तो उसे लिखित में उस व्यक्ति की जीत की गारंटी लेनी होगी। भाजपा के प्रमुख नेताओं की दिल्ली में हुई बैठकों में इसी तरह की सहमति बनी है।

प्रदेश चुनाव समिति सभी 90 सीटों के लिए पैनल बनाकर केंद्रीय चुनाव समिति को भेज चुकी है। कोई अंतिम फैसले से पहले पार्टी में मंथन का दौर जारी है। बुधवार की रात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिए गए भोज के बाद केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के निवास पर हरियाणा के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई, जिसमें टिकटों को लेकर विचार विमर्श किया गया। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

तीन महिला नक्सली मुठभेड़ में ढेर, हथियार बरामद; सुबह से हो रही फायरिंग

कांकेर। कांकेर और नारायणपुर के सरहदी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में तीन वर्दीधारी महिला नक्सली ढेर हो गईं। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि मारी गईं तीन वर्दीधारी महिला नक्सली कैडर की शिनाख्तगी प्राथमिक तौर पर उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी तथा पीएलजीए कंपनी नंबर पांच के सदस्य के रूप में हुई है। मौके से 303 रायफल, 315 बोर बंदूक सहित भारी मात्रा में हथियार व नक्सल सामग्री बरामद हुई है।

नारायणपुर एसपी ने बताया कि जिला नारायणपुर व कांकेर के सरहदी क्षेत्र ग्राम हचेकोटी, छिंदपुर, बिनागुण्डा, आदनार, काकनार व आसपास के जंगल पहाड़ियों में परतापुर एरिया कमेटी के माओवादियों एवं कंपनी नंबर-5 के लगभग 30-40 नक्सली की उपस्थिति होने की सूचना पर एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए संयुक्त पुलिस पार्टी रवाना हुई थी, जिसमें जिला नारायणपुर एवं कोंडागांव से डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ 135वीं वाहिनी की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

उप पुलिस महानिरीक्षक, कांकेर रेंज केएल ध्रुव ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान अन्य कई माओवादी के मारे जाने/घायल होने की संभावना को देखते हुए मुठभेड़ स्थल के आसपास क्षेत्र में अतिक्ति रि-इनफोर्स टीम द्वारा सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग पूर्ण होने पर विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जाएगी। गौरतलब हो कि बस्तर संभाग अंतर्गत मानसून अवधि में की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक कुल 26 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। 212 गिरफ्तार एवं 201 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

चुनाव से पहले ईडी की बड़ी कार्रवाई, 834 करोड़ की संपत्ति जब्त, पूर्व सीएम हुड्डा से भी जुड़ा है केस

हरियाणा। हरियाणा में चुनाव से पहले ईडी की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। प्रवर्तन निदेशालय ने अनंतिम रूप से 401.65479 एकड़ में फैली अचल संपत्तियों को जब्त किया है। इसकी कीमत 834.03 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अटैच की गई संपत्ति EMAAR इंडिया लिमिटेड (501.13 करोड़) और MGF डेवलपमेंट्स लिमिटेड (332.69 करोड़) से संबंधित हैं। कुर्क की गई संपत्तियां जमीन के रूप में हैं, जो हरियाणा के गुरुग्राम और दिल्ली के 20 गांवों में स्थित है। ईडी ने हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीटीसीपी के तत्कालीन निदेशक त्रिलोक चंद गुप्ता, ईएमएएआर एमजीएफ लैंड लिमिटेड और 14 अन्य कॉलोनाइजर कंपनियों के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

अडाणी फैमिली देश में सबसे अमीर, अंबानी को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली। 11.6 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ गौतम अडानी एंड फैमिली मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में पहले स्थान पर आ गये हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले साल हर पांच दिन में एक व्यक्ति अरबपति बना है। हुरुन की रिपोर्ट में 31 जुलाई 2024 तक की वैल्थ कैलकुलेट की गई है।

हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में वैल्थ 11.62 लाख करोड़, एक साल में संपत्ति 95 प्रतिशत बढ़ी

पहली बार शाहरुख खान ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है।

चीन में घट और भारत में बढ़ रहे अरबपति

हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनाइद ने कहा, भारत एशिया के वैल्थ क्रिएशन इंजन के रूप में उभर रहा है! जहां चीन में अरबपतियों की संख्या 25 प्रतिशत घट गई, वहीं भारत में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो रिकॉर्ड 334 अरबपतियों तक पहुंच गई।

गौतम अडानी एंड फैमिली 11,61,800 करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में टॉप पर हैं। मुकेश अंबानी ने 2024 की हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में दूसरा शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनकी नेटवर्थ 10,14,700 करोड़ रुपये है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर एंड फैमिली इस साल तीसरे स्थान पर रहे हैं। उनकी संपत्ति 3,14,000 करोड़ रुपये है। वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस एस पुनावाला *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

राहुल गांधी को मिले थे लाखों रुपये, कांग्रेस ने किया खुलासा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट जीतने वाले राहुल गांधी को पार्टी फंड से 70-70 लाख रुपए मिले थे। कांग्रेस ने यह जानकारी चुनाव आयोग को दी है।

वहीं पार्टी की ओर से सबसे अधिक फंड मंडी लोकसभा सीट से लड़ने के लिए विक्रमादित्य सिंह को 87 लाख रुपये दिए थे, हालांकि वह बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत से हार गए। इन्हें भी मिला 70 लाख का फंड

वहीं कांग्रेस की तरफ से 70 लाख रुपये का फंड पाने वाले नेताओं में किशोरी लाल शर्मा भी शामिल हैं। किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी लोकसभा सीट पर स्मृति ईरानी को हराया था। इसके अलावा तमिलनाडु के विरुधुनगर से मणिकम टैगोर, केरल के अलपुझा से केसी वेणुगोपाल, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

नहीं होगा युक्तियुक्तकरण : शिक्षक संगठनों की मांग पर सरकार का बड़ा फैसला

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुवार को स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के फैसले को स्थगित कर दिया है। शिक्षक संगठनों के नेताओं के साथ कल द्विपक्षीय वार्ता फेल होने के बाद सरकार ने युक्तियुक्तकरण के मामले को ठंडे बस्ते में डालना ही मुनासिब समझा। कल ही शिक्षक संगठनों ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी से मुलाकात की थी।

कल ही हुई थी स्कूल शिक्षा सचिव के साथ बैठक

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद राज्य भर के शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध किया। शिक्षक नेताओं ने 16 सितंबर को स्कूलों में ह?ताल का ऐलान कर दिया था। ह?ताल की नोटिस के बाद सरकार ने उन्हें बातचीत के लिए बुलाया था।

सबसे पहले कल डीपीआई के साथ उनकी बातचीत हुई। उसके बाद स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ बातचीत हुई। लेकिन यह बातचीत बेनतीजा रही। शिक्षक संगठनों के नेता युक्तियुक्तकरण का विरोध किया। शिक्षक नेताओं को सत्ताधारी पार्टी के नेताओं का भी समर्थन मिल रहा था।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम को लिखा था पत्र

कुछ ही दिनों में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव है, ऐसे में शिक्षक नेता जिस नेता के यहां ज्ञापन देने जा रहे थे। मजबूरी में ही सही उन्हें रिस्पांस देना पड़ रहा था। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने तो बकायदा मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा था कि, शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के फैसले पर विचार किया जाए। इस मामले के जानकारों का कहना है कि, नगरीय निकाय चुनाव में 25-50 वोटों से फैसला होता है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

हेमंत कैबिनेट में चंपई की जगह मंत्री बनेंगे रामदास सोरेन, कल भाजपा में शामिल होंगे पूर्व सीएम

रांची। झारखंड में मचे सियासी घमासान के बीच चंपई सोरेन ने मंत्री पद और झारखंड मुक्ति मोर्चा की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों ने

उन्हें उस पार्टी को छोड़ने के लिए मजबूर किया, जिसमें उन्होंने कई वर्षों तक सेवा की। उन्होंने प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वहीं चंपई सोरेन के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद खाली पद पर नए मंत्री शपथ लेंगे। जिसके लिए नाम का खुलासा हो गया है। जानकारी के मुताबिक घाटशिला से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक रामदास सोरेन, हेमंत कैबिनेट में चंपई सोरेन की जगह लेंगे।

आज राजभवन में हो सकता शपथ ग्रहण

एक अधिकारी के मुताबिक घाटशिला से जेएमएम विधायक रामदास सोरेन झारखंड मंत्रिमंडल में चंपई सोरेन की जगह ले सकते हैं। अधिकारी ने कहा, शपथ ग्रहण समारोह कल राजभवन में होने की संभावना है। बता दें कि पिछले महीने हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले चंपई सोरेन ने बुधवार को जेएमएम छोड़ दिया।

हाल ही में चंपई सोरेन ने छोड़ी पार्टी

चंपई सोरेन ने पार्टी छोड़ने के साथ दावा किया था कि पार्टी की राज्य विधानसभा के विधायक और झारखंड मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में भी इस्तीफा दे दिया।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद बने थे मुख्यमंत्री

इससे पहले धन शोधन मामले में ईडी की तरफ के सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किए जाने के तुरंत बाद 2 फरवरी 2023 को चंपई सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बने। वहीं हेमंत सोरेन के जमानत पर रिहा होने के बाद चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया, जिसके बाद हेमंत सोरेन ने जुलाई में फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

कल भाजपा में शामिल होंगे चंपई सोरेन

झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले चंपई सोरेन का कहना है कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वो पार्टी छोड़ेंगे। लेकिन पिछले कुछ दिनों में घटे घटनाक्रम ने उन्हें इस लिए मजबूर किया। फिलहाल उन्होंने जेएमएम छोड़ दी है और कल भाजपा में शामिल होंगे।

पीएम मोदी आज मुंबई में 76000 करोड़ के वधावन बंदरगाह का करेंगे शिलान्यास

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारों करोड़ों रुपयों की विकास परियोजनाओं की सौगात देने के लिए शुक्रवार को महाराष्ट्र के दौरे पर आ रहे हैं। सुबह करीब 11 बजे पीएम मोदी मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 को संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी दोपहर में पालघर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इस दौरान प्रधानमंत्री पालघर में लगभग 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना का भी शिलान्यास करेंगे।

अधिकारिक बयान के मुताबिक, पीएम मोदी दोपहर करीब डेढ़ बजे पालघर के सिडको मैदान में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वधावन बंदरगाह की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 76,000 करोड़ रुपये है। इसका उद्देश्य एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार

स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की ज़रूरतों को पूरा करते हुए समुद्र के तटीय तल को गहरा बनाकर तथा अति विशाल मालवाहक जहाजों को समायोजित करके देश के व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। वधावन बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा। पालघर में पीएम मोदी लगभग 1,560 करोड़ रुपये की लागत वाली 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इससे मत्स्य पालन क्षेत्र में पांच लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री लगभग 360 करोड़ रुपये की लागत से पोत संचार और सहायता प्रणाली के नेशनल रोल आउट का शुभारंभ करेंगे। इस परियोजना के तहत, 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मशीनीकृत और मोटर चालित मछली पकड़ने वाले जहाजों पर चरणबद्ध तरीके से एक लाख ट्रांसपोंडर लगाए जाएंगे।

पीएम मोदी द्वारा उद्घाटन की जाने वाली अन्य पहलों में मछली पकड़ने के बंदरगाहों और एकीकृत जल पार्कों का विकास, साथ ही रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम और बायोफ्लोक जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाना शामिल है। ये परियोजनाएं कई राज्यों में लागू की जाएंगी और मछली उत्पादन बढ़ाने, मछली पकड़ने के बाद उसके प्रबंधन में सुधार करने तथा मत्स्य पालन क्षेत्र में *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

अशोका आई.टी.आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer)
10 वीं पास
1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो
10 वीं पास
1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन
10 वीं पास
2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन
8 वीं पास
2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास,जी.ई. रोड,
पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

चिकित्सालय पहुंचने वाले मरीज का तत्काल ईलाज प्रारंभ करना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

- कलेक्टर ने जिले के सभी चिकित्सा संस्थान प्रमुखों की ली बैठक
- चिकित्सा संस्थान में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

चिकित्सालय में सीसीटीवी एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था करने कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज यहां जिले में संचालित जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कालेज, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, नर्सिंग होम एवं अन्य चिकित्सकीय संस्थानों के सुरक्षा की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने चिकित्सा से संबंधित क्लीनिक एवं अन्य चिकित्सकीय संस्थानों संचालकों से कहा कि चिकित्सकीय सेवा सबसे महत्वपूर्ण मानवीय सेवा हैं। इसकों बेहतर बनाए रखने के लिए हमें विशेष रूप से ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय संस्थानों में जब भी मरीज ईलाज के लिए आते हैं, तो उन्हें चिकित्सक तत्काल समय देकर उनका ईलाज प्रारंभ करें। उनका समय पर ईलाज सुनिश्चित करें, इससे किसी अनावश्यक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

साथ ही अपनी संस्था की विश्वसनीयता को बनाए रखने का प्रयास करें। इसके अलावा संस्था में सभी प्रकार के आवश्यक सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को बनाए रखें। आवश्यकता पड़ने पर सीसीटीवी कैमरे के साक्ष्य काम आते हैं। इसके अलावा संस्थान के आस-पास अवांछित लोगों की भी निगरानी होती है और आवश्यकता पड़ने पर उन पर कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने सभी चिकित्सकीय संस्थान के संचालकों से आग्रह करते हुए कहा कि मरीजों की सेवा करना एक सम्मानीय एवं महत्वपूर्ण सेवा है, मरीजों के त्वरित ईलाज का प्रयास करें। इससे मरीजों के परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और उनके आक्रोश का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। चिकित्सक अपने व्यवहार पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने के साथ ही समय पर त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि सभी चिकित्सकीय संस्थान अपने यहां आवश्यक सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें, ताकि चिकित्सालय में होने वाली किसी भी घटना की जानकारी साक्ष्य के रूप में रखी जा सकेगी। इसके अलावा संस्थान के आस-पास लोगों की भीड़ एवं उनकी निगरानी आसानी से की जा सकेंगी। इन कैमरों में गुणवत्तापूर्ण हार्डडिस्क लगवाएं और कम से कम छह माह तक का बैकअप रखें। इन सभी कैमरों को कंट्रोल रूम के कैमरों से जोड़ दिया जाएगा। साथ ही संस्थान में गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करें, गार्ड यूनिफार्म में हो और प्रशिक्षित भी हों, ताकि आमजन एवं मरीज के परिजनों से अच्छी तरह से बातचीत कर सके। इसके अलावा संस्थान में फायर सिस्टम उपकरण भी सुव्यवस्थित रखें। समय पर उसकी रिफलिंग होती रहे और सक्रिय रहें, इसका विशेष ध्यान रखें। श्री गर्ग ने कहा कि थानों को निर्देश दे दिया गया है कि वे समय-समय पर चिकित्सकीय संस्थानों का साप्ताहिक निरीक्षण करते रहें और जानकारी रखें। इसकी एक चेक लिस्ट भी तैयार कर लें। एक माह में एसडीओपी निरीक्षण करेंगे, वही एडिशनल एसपी तीन माह में इनका निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे। थाना क्षेत्र अपने क्षेत्र में आने वाले चिकित्सकीय संस्थानों का नंबर रखेंगे। सभी चिकित्सकीय संस्थान जो बेसिक नंबर है, जिनमें कंट्रोल रूम, स्थानीय थाना, सीएसपी, एडिशनल एसपी एवं एसीपी के नंबर रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर सूचनाओं की जानकारी उपलब्ध हो सकें। श्री गर्ग ने कहा कि चिकित्सकीय संस्थान अपने यहां पोर्टेबल बैरियर भी रखें, ताकि इसका उपयोग भीड़ इत्यादि में किया जा सकें। इसके अलावा चिकित्सकी संस्थान परिसर में वाहन पार्किंग करने वाले वेंडर मरीजों के परिजनों से अच्छा व्यवहार करें। इसके अलावा मेडिकल कालेज एवं नर्सिंग संस्थान में जहां हॉस्टल संचालित है, वहां के छात्र आने जाने के समय एवं अनुशासन का पालन सुनिश्चित करें।

बैठक में विभिन्न चिकित्सकीय संस्थान संचालकों ने अपने-अपने सुझाव रखें। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि चिकित्सकीय संस्थान में परिजनों एवं अन्य जनों द्वारा अव्यवस्था एवं नियमों का पालन नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई के संबंध में बोर्ड पर विस्तार से जानकारी अंकित करा कर रखें। इसके अलावा चिकित्सक मरीज के परिजनों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी समझाईश दें, साथ ही प्रतिदिन मरीज के परिजनों की काऊंसिलिंग सुनिश्चित करें, मरीज की स्थिति के बारे में बताएं, इससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हो सकेगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, सभी एसडीओपी, जिले के सभी चिकित्सा संस्थान प्रमुख उपस्थित थे।

आयुक्त ने निर्माण कार्य में तेजी लाने, गणेश पर्व को देखते हुये पेचवर्क करने विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। तकनीकि अधिकारियों की बैठक में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने पेयजल व्यवस्था एवं शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की तथा योजना के कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व को देखते हुये शहर में पेचवर्क सहित विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने पेयजल सप्लाई के बारे में चर्चा कर शहर में स्थित पानी टंकियों के भरने की उप अभियंताओं से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी टंकी क्षमता के अनुरूप भरे और टंकी भरने के उपरांत ही पेयजल सप्लाई करे तथा कुछ क्षेत्रों में कम पानी आने की शिकायत का निराकरण करने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु चल रही है, जिसमें पानी की खपत कम होती है इस आधार पर कम पानी आने वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर व्यवस्था दुरूस्त करे। अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल को काटा जाये, पूर्व में नल काटा जा रहा था किन्तु वर्तमान में सार्वजनिक नल काटने की गति धीमी हो गयी है सर्वे कर नल काटने में तेजी लावे, जिससे पर्याप्त पेयजल सप्लाई हो सके। उन्होंने चिखली अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान आ रही पाईप लाईन के कार्य का जल्द समाधान करने के निर्देश दिये।

उन्होंने अमृत मिशन के अधिकारियों से कहा कि वार्डो के कुछ क्षेत्रों में नल कनेक्शन छुट गया है, पार्षदों से सम्पर्क कर नल कनेक्शन देने की कार्यवाही करे, जहॉ नया पाईप लाईन बिछ गया है वहा पुराने कनेक्शन बंद करे, लिकेज एवं गंदा पानी आने संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी उप अभियंताओं से कहा कि स्वीकृत कार्य जिनका भूमिपूजन हो चुका है उसे तत्काल प्रारंभ कराये, धिमी गति से काम करने वाले तथा काम प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करे। मुख्यमंत्री घोषणा, विधायक, सांसद निधि, महापौर व पार्षद निधि तथा अन्य योजना के कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाये है उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करे। सभी स्वीकृत नाला निर्माण के कार्य प्रारंभ कराये, जो कार्य चल रहे है, उसमें तेजी लाये, ताकि असानी से पानी निकासी हो सके।

आयुक्त श्री गुप्ता ने आगामी गणेश पर्व को ध्यान में रखते हुये शहर के सड़कों में पेचवर्क सुनिश्चित करने के साथ साथ विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था भी पूर्ण करने कहा। उन्होंने जन समस्या निवारण शिविर में आये आवेदनों में निर्माण कार्य, पेयजल तथा अन्य कार्यो का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोड नाली संबंधी कार्यो की सूची तैयार कर आगे की कार्यवाही करे। बैठक में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व दीपक महला सहित अमृत के राजेश पवार, उप अभियंतागण तथा अधिकारी उपस्थित थे।

अंडर -19 क्रिकेट ट्रॉयल 1 सितम्बर को

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा जारी सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न आयु वर्ग की चयन प्रक्रिया की तिथियों के तहत जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा जिले की टीम (अंडर-19) के गठन हेतु आगामी 01 सितंबर दिन रविवार को चयन प्रक्रिया का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में किया जायेगा। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। अंडर-19 आयु वर्ग के लिए आयु सीमा 1 सितम्बर 2006 या उसके बाद जन्म हुआ हो निर्धारित की गई है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों का ऑनलाईन पंजीयन आवश्यक है। जिन खिलाड़ियों का पंजीयन नही हुआ है, वे ट्रॉयल दिनांक को आवश्यक दस्तावेज (पिछले 6 वर्षो की अंक सूची, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सभी की मूल प्रति व 1 पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकता है। उक्त चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकत्ताओं द्वारा किया जायेगा।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि आगामी क्रिकेट सत्र के लिए विभिन्न आयु वर्गो की चयन प्रक्रिया सत्र शुरू होने के पहले आयोजित की जा रही है, ताकि विभिन्न आयु वर्ग (अंडर-14, 16 व अंडर-19) के खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारिकियां सिखने व फिटनेस हेतु पर्याप्त समय मिल सके। उक्त आयोजित चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जावेगा। शिविर के दौरान आयोजित अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले के टीम (अंडर-19) का गठन किया जावेंगा।

जो छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आगामी सत्र में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेंगे। उक्त चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों को स्वयं की क्रिकेट कीट व सफेद ड्रेस के साथ आना होगा, आवश्यक दस्तावेजों के साथ न आने पर खिलाडियों को चयन प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा। ट्रॉयल दिनांक को खराब मौसम होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया संबंधित जानकारी मो. 9399645345 पर ली जा सकती है, ताकि खिलाड़ियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

भामसं ने पर्यावरण दिवस पर पौधे रोपे

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ ने आज पर्यावरण दिवस के मौके पर जिलेभर के अनेक स्थानों में पौधे लगाकर उनके संवर्धन की शपथ ली है। उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ हर साल 28 अगस्त को देशभर में पर्यावरण दिवस मनाते चला आ रहा है। इस दिन संगठन के कार्यकर्ता पौधे लगाकर उसकी देखभाल भी करते है।

चूंकि इस वर्ष भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूरे कर लिये है, को देशभर में पंच परिवर्तन के कार्यक्रम चल रहे है, जिसमें पर्यावरण पर प्रबोधन हुआ और आज पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाये जा रहे है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पौधारोपण का मुख्य कार्यक्रम सुदुर छुरिया विकासखंड के ग्राम पैलीमेटा में आयोजित किया गया था, जिसमें जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष किरण वैष्णव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थी और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जनपद अध्यक्ष राजकुमारी सिंह ने किया। श्रीमती मीना कंवर जनपद सदस्य छुरिया, रविन्द्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा, कमल नारायण साहू, संजय सिन्हा, मनोज सिन्हा, दिलीप यादव, महेश कुमार यादव सरपंच ग्राम पंचायत लाममेटा उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हमारे ऋषि-मुनि व हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति में प्रारंभ से ही वृक्षों के महत्व को स्वीकार्य किया गया है, इसलिये बरगद एवं पीपल के हम पूजा करते चले आ रहे है, ये सारे वृक्ष समाज के लिये जीवनदायी है। अब चूंकि पूरे संसार में पर्यावरण का संकट मंडरा रहा है तो सभी पुनः भारतीय संस्कृति के अनुरूप वृक्षों के महत्व को स्वीकार कर रहे है। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला मंत्री नरेश साहू व पर्यावरण के जिला संयोजक जयप्रकाश साहू ने अतिथियों का स्वागत किया, उन्हे बैच लगाया अंत में छबीलाल साहू ने आभार प्रकट किया।

मेजर ध्यानचंद जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव तथा समस्त खेल संघ के संयुक्त तत्वधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में नगर के खेल प्रेमियों द्वारा द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 7:00 बजे अन्तरस्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से समस्त खेल से जुड़े खिलाड़ियों द्वारा रैली निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से होती हुई गौरव पथ स्थित मेजर ध्यानचंद स्मारक पहुची, वहां पर मेजर ध्यानचंद, एरमन बेस्टियन (ओलंपियन) एवं आर एन पटेल, की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात रैली वापस अन्तरस्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पहुची वंहा पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी सभा छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी के मुख्य आतिथ्य तथा जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, वरिष्ठ हॉकी कोच भूषण सॉव, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ हॉकी के कोषाध्यक्ष सुश्री आशा थॉमस के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई। अतिथि फ़िरोज़ अंसारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कई जो बच्चे आज इस खेल से जुड़े है वो अपने जीवन मे एक लक्ष्य बना कर खेले जिससे कि वह अपने शहर का नाम पूरे देश मे रौशन करेंगे। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी को आदर्श मानकर खेल भावना से खेले तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी नर्सरी का नाम रौशन करे। श्री अंसारी ने कहा कि आज दादा के कारण राजनांदगांव को हॉकी नर्सरी कहा जाता हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का आगमन सन 1971 में राजनांदगांव की धरती पर हुआ था। हॉकी की नर्सरी की उपाधि राजनांदगांव के मेजर ध्यानचंद जी द्वारा दी गई थी तथा उनको नगर भृमण कराया गया था जंहा उन्हें राजनांदगांव के हर गली में हॉकी खेलते बच्चे को देखा था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हॉकी कोच भूषण सॉव ने दादा ध्यानचंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि दादा की खेल कौशल की बदौलत भारत को ओलंपिक में 4 गोल्ड प्राप्त हुए थे तथा वर्तमान में भी इंडिया टीम के खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के बदौलत लगातर दूसरी बार कांस्य पदक प्राप्त कर रहे है यह बहुत ही खुशी की बात है मैं उन्हें इस मंच के माध्यम से बधाई देता हूं साथ ही आने वाले समय मे इंडिया के लिए गोल्ड मैडल लाये ऐसा शुभकामनाएं देता हूं।

संगोष्ठी सभा पश्चात बालक वर्ग का प्रदर्शन मैच राजनांदगांव ग्रीन विरुद्ध राजनांदगांव रेड के मध्य खेला गया जिसमें राजनांदगांव ग्रीन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2-1 गोल से जीत हासिल की। इस अवसर पर हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, प्रिन्स भाटिया (सचिव जिला हैंडबाल संघ), अब्दुल कादिर(खेल प्रकोष्ठ), राजू रंगारी, छोटे रामटेके, साई के कोच अमित माथुर, किशोर धीवर, तुलसी सिन्हा, चंदन सिंह, भागवत यादव, दुर्गेश,महेंद्र सिंह ठाकुर, विजय साहू, आशीष सिन्हा, मनीष यादव, सुंदर काका, सब्बीर हैदरी, अशोक नागवंशी, सुनील निषाद, दिलीप रावत, जावेद खान, शकील अहमद, खेमराज सिन्हा, राजेश निर्मलकर, संदीप यादव, जिम्मी साहू, सुखदेव निर्मलकर, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में पौधरोपण किया गया

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा देश भर में सितंबर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

यह एक जन आंदोलन है, जिसमें लोग पेड़ लगाकर अपनी मां और धरती मां के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भाग ले रहे हैं। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव के प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में आम, अमरूद, नीम एवं पीपल जैसे विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, मनीष सिंह, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला, कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र मेश्राम एवं अन्य कर्मचारी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

रामेश्वरी वर्मा का निधन

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ के समीप ग्राम सलौनी निवासी श्रीमती रामेश्वरी वर्मा पति राजू वर्मा का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, समाज के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी शामिल हुए। श्रीमती रामेश्वरी अपने पीछे पति राजू वर्मा, पुत्र डेमन कुमार, पुत्री मोनिका सहित भरापूरा परिवार छोड़ गयी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

आज ता. 30 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर

संघर्ष एक जंग

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - अर्थ चन्द्रा, नेहा पाणिग्रही, अजय पटेल, संतोष सम्राट तिवारी आदि

आगामी ता. 6 से तही मोर आशिकी

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
23/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No158024 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender)	IT SHEDULE OF OPERATION & PREVENTIVE MAINTENANCE CONTRACT (AMC) OF ANUAL OPERATING AND MONITORING OF AHU, FCU, AIR WASHER PUMPS AND VENTILATION FAN SYSTEM AT B.R.L.S.A.B.B. MEMORIAL HOSPITAL RAJNANDGAON (C.G.)	Rs 41.05 Laes
24/SE E/M/2024-2025 (1 Call) System Tender No158026 Registered contractor class in "C" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender)	OPERATION & PREVENTIVE MAINTENANCE CONTRACT (AMC) OF INTERNAL & EXTERNAL ELECTRIFICATION, WATER SUPPLY PUMP AND FIRE FIGHTING PUMP, SUB - STATION AND TRANSFORMER, L.T. PANNEL, 750 KLD STP AND 100 KLD ETP AT B.R.L.S.A.B.B. MEMORIAL HOSPITAL RAJNANDGAON (C.G.)	Rs 158.94 Lacs

Note:- last date of bid submission of NIT 10-09-2024

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in.Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

जी- 242502074/2

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

दिग्विजय कॉलेज के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय रेड रन मैराथन में चयन

राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन में भगवती यादव प्रथम तथा मनोज कुमार द्वितीय

राजनांदगांव (दावा)। एनएसीओ इंडिया सीजीएसएसीएस तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता हेतु राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन का आयोजन रायपुर के मरीन ड्राइव में किया। यह मैराथन 10 किलोमीटर मरीन ड्राइव से शुरू होकर कमल विहार ब्रिज तक फिर वहाँ से वापस मरीन ड्राइव समाप्त हुई। इस मैराथन में महिला, पुरुष तथा ट्रांसजेंडर तीनों वर्गो में प्रत्यक महाविद्यालय से एक-एक प्रतिभागी को नामांकित किया गया था। दिग्विजय महाविद्यालय से महिला वर्ग बीकाम की छात्रा कुमारी भगवती यादव इस मैराथन में प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में डीसीए के छात्र मनोज कुमार द्वितीय स्थान पर रहें। दोनों विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय रेड रन मैराथन हेतु हुआ है जो सितंबर माह में आयोजित होने वाले हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.अंजना ठाकुर ने विद्यार्थियों सहित महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की संयोजिका सुश्री वंदना मिश्रा, स्पोर्ट्स ऑफिसर अरुण कुमार चौधरी को बधाई दी साथ ही राष्ट्रीय मैराथन के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ दी। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने भी सभी को बधाई देते हुए भविष्य के लिए और मेहनत करने की सलाह दी।

पिछले वर्ष भी महाविद्यालय से कुमारी भगवती ने गोवा में हुए राष्ट्रीय रेड रन मैराथन 10 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लिया था। यह महाविद्यालय के लिए बड़े ही हर्ष तथा गर्व का विषय है। इस तरह की उपलब्धियाँ अरुण कुमार चौधरी की मेहनत तथा मार्गदर्शन का नतीजा है। सुश्री वंदना मिश्रा रेड रिबन संयोजिका के साथ दोनों विद्यार्थी महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-5-8
560-1 147-2

राजधानी
2-6-7
157-3 580-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

शहर में धूम मचाएगी छत्तीसगढ़ी फिल्म 'कालेज लाईफ' व 'कहानी मया के'

इसी माह नगर के टाकिजों में होगी रिलीज

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बजरंगपुर नवागांव वार्ड के उत्साही युवकों ने हसी-मजाक से भरपूर कालेज लाईफ, कहानी मया के नामक छत्तीसगढ़ी फिल्म बनाई है, जिसका प्रदर्शन इसी माह शहर के टाकिजों में होने जा रहा है।

इस छत्तीसगढ़ी फिल्म के संबंध में फिल्म के निर्माता हरिशंकर भार्गव, हीरो टेकराम वर्मा, हिरोईन पूनम चन्द्राकर, चरित्र अभिनेत्री जया पटेल, सिंगर तरूण देशमुख, नवीन कश्यप आदि ने प्रेस वार्ता कर बताया कि आज 29 अगस्त को उनके फिल्म का पोस्टर विमोचन किया जा रहा है। राजनांदगांव के दिग्विजय कालेज चौपाटी आदि विभिन्न स्थानों सहित दुर्ग-भिलाई व अन्य स्थानों में शुटिंग कर बनाए गए इस छत्तीसगढ़ी फिल्म के सम्बंध में प्रेसवार्ता लेकर बताया गया कि उक्त छत्तीसगढ़ी फिल्म संस्कारधानी राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा बनाया गया है। इसके पहले वे वेब सिरीज की फिल्में बना चुके है। प्रेम प्रसंग पर आधारित इस फिल्म के सम्बंध में बताया गया कि प्रेम प्रसंग में पड़कर युवा भ्रमित होकर घर-परिवार, मां-बाप को भूल जाते है। जीवन के मूल उद्देश्यों से किनारा कर लेते है। उन भ्रमित युवाओं के लिए यह फिल्म खासा संदेश देने वाला साबित होगा। इसमें कालेज दोस्तों की फ्रेण्डशीप व हंसी-मजाक के चलते दर्शकों का खूब मनोरंजन करेगी वही संवेदना जनक दृश्यों में आंसू रोकनों भी कठिन हो जाएगा। इस फिल्म में बेटी का क्या कर्तव्य होता है। वह पिता के विश्वास पर खरा उतर पाती है या नहीं इसे पूरी शिद्दत के साथ दिखाया गया है।

सुमधुर बन पड़े है फिल्म के गीत

फिल्म के गीत हरिशंकर भार्गव ने ही लिखे है। जिसे सुनील सोनी, चम्पा निषाद, ताहिर खान, आदर्श आदि सहित तरूण देशमुख ने गाया है। गीतों की रिकार्डिंग कटक में की गई है व संगीतकार भी वही का है। कुंवर भार्गव के बैनर तले बनी उक्त फिल्म इसी माह सितम्बर में शहर के दोनों टाकिजों में प्रदर्शित होने जा रही है। इसमें सबसे पहले 13 सितम्बर को गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रीन में तत्पश्चात 20 सितम्बर को श्री कृष्णा टाकिज में रिलीज होगी। फिल्म के गाने को लोगों द्वारा पंसद किए जा रहे है। गायक तरूण देशमुख ने फिल्म के कुछ गाने प्रेसवार्ता के दौरान गा कर भी सुनाया। शेड सांग सहित हसी मजाक व पारिवारिक दृश्यों के गीत व प्रेम-प्यार के गीत दर्शकों को टाकिज की ओर खींच लाएगा ऐसा विश्वास फिल्म के निर्माता निर्देशकों ने जाहिर की है।

शा. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया खेल दिवस

राजनांदगांव (दावा)। शा. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने छात्राओं को मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों की जानकारी दी एवं खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने खेलों की जीवन का आवश्यक अंग बताते हुए छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि फिरोज अंसारी, संयुक्त सचिव हॉकी इंडिया एवं अध्यक्ष छग हॉकी संघ एवं विशिष्ट अतिथि ललित साहू, उपनिरीक्षक पीटीएस, राजनांदगांव एवं तीरंदाजी कोच राहुल साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता एस. नायर क्रीडाधिकारी द्वारा किया गया एवं उन्होंने खेल को लेकर लोगों की मानसिकता एवं जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने हेतु उचित कदम उठाने पर जोर दिया। साथ ही सभी छात्राओं को शपथ दिलवाया कि अपने आप को स्वस्थ्य रखने के लिए किसी न किसी खेल को अपनाए।

फिरोज अंसारी मुख्य अतिथि ने मेजर ध्यानचंद के उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं बताया कि ध्यानचंद जी ने ही राजनांदगांव को हॉकी की नर्सरी का खिताब दिया है। फिरोज अंसारी 2024 में पेरिस ओलंपिक में शामिल हुए थे एवं इसके पूर्व भी 2012 में लंदन ओलंपिक, 2014 में पुरुष वर्ल्डकप हॉलैण्ड, 2018 में महिला वर्ल्डकप एवं 2023 में एशियन गेम्स में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हो चुके है। श्री अंसारी ने छात्राओं को राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में मौजूद सुविधाओं के बारे में जानकारी दी एवं अधिक से अधिक छात्राओं को हॉकी एवं अन्य खेलों से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

ललित साहू कबड्डी कोच जो विगत् 20 वर्षों से कमला कॉलेज एवं स्कूली छात्राओं को कबड्डी की कोचिंग दे रहे है, उनके द्वारा एवं स्वर्गीय डीडी साहू के द्वारा प्रशिक्षित छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर चुके है।

डॉ. नीता एस. नायर ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में कमला कॉलेज की कई छात्राएं अंतर विश्व विद्यालयीन एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम में उपस्थित तीरंदाजी कोच राहुल साहू विगत् कई वर्षों से महाविद्यालय की छात्राओं को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दे रही है, उनके मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष महाविद्यालय की छात्राएं अखिल भारतीय स्तर पर चयनित हो रही हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं अंत में डॉ. जयसिंग साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

खेल दिवस के अवसर पर कमला कॉलेज की छात्राओं के बीच रिले रेस एवं बैडमिंट की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बैडमिंटन में प्रथम स्थान आनिया खान बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान गोपेश्वरी साहू बीए द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान में प्रीति तारम बीएससी द्वितीय वर्ष ने स्थान प्राप्त किया, जिन्हें प्राचार्य द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

जाते-जाते मानसून की भारी बारिश के बने आसार

तीन मजबूत सिस्टम बने, शहर में हुई हल्की बूंदाबांदी

राजनांदगांव (दावा)। गुरुवार को शहर सहित अंचल भर में हल्की बूंदाबांदी हुई। अभी पिछले कुछ दिनों से रुकी हुई बारिश के बीच अचानक फिर से बूंदाबांदी व हल्की फुहारों के मौसम बनने से लोग आश्चर्य में आ गए।

बता दें कि अभी बारिश का मौसम खत्म नहीं हुआ है। भादो मास तक बारिश होते रहती है। फिलहाल बारिश के लिए तीन मजबूत सिस्टम बने हुए हैं इसके चलते हल्की बूंदाबांदी से लेकर प्रदेश के कई इलाकों में दो दिनों तक भारी बारिश के आसार बने हुए हैं। इसके बाद ही सिस्टम कमजोर पड़ने पर मानसूनी गतिविधियां कम होगी।

मौसम विभाग की मानें तो अभी तीन अलग-अलग सिस्टम बने रहे हैं उसी के असर से राज्य के मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश होगी। वही दक्षिण छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

बता दें कि प्रदेश में पिछले एक हफ्ते के दौरान मानसून थोड़ा कमजोर हुआ है। इसका असर यहां औसत पर पड़ा है। हालांकि अभी भी यहां औसत से 5 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस माह के अंत तक बारिश के एक- दो स्पैल आएंगे। बहरहाल जाते-जाते एक बार फिर मानसून भीगा कर जाने वाला है। आजकल में हल्की बूंदाबांदी से लेकर भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है।

फरार दो स्थायी वारंटी सहित अवैध शराब बेचने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिचोला पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को धर दबोचा है वहीं अवैध शराब बेचने वालों सहित लड़ाई झगडे कर समाज की शांति भंग करने वाले आरोपियों पर भी कार्रवाई की है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री रोकने की मुहीम पर गुरुवार 29 अगस्त को पुलिस चौकी चिचोला के प्रधान आरक्षक संजय चौधरी, आरक्षक क्रमांक 44 को जरिये मुखबीर सूचना मिली की ग्राम रामपुर (खातूटोला) का विकास निषाद नाम का व्यक्ति अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु अवैध शराब बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर हमराह स्टाप एवं गवाहन के मौके पर रेड कार्यवाही कर ग्राम रामपुर (खातूटोला) सामुदायिक भवन के पास आरोपी विकास निषाद पिता चुरामन निषाद उम्र 19 वर्ष ग्राम रामपुर (खातूटोला) के कब्जे से एक सफेद रंग प्लास्टिक बोरी में 32 पौवा अंग्रेजी जम्मु डिलक्स ह्विस्की शराब एवं नगदी बिक्री रकम 350 रू जप्त कर आरोपी का कृत्य धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र साहू व आरक्षक विष्णु साहू के द्वारा मुखबीर सूचना पर आम रास्ता गौठान के पास ग्राम रामपुर में शराब के नशे में मदहोश पडे आरोपी धनश्याम यादव पिता रामदयाल यादव उम्र 22 वर्ष ग्राम रामपुर खातूटोला को रेड कार्यवाही कर धारा- 36 च(1) आबकारी एक्ट का कार्यवाही कर मौके पर अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था को भंग करने वाले भी धरे गए

पुलिस ने अगली कार्रवाई में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय डोंगरगढ से जारी प्रकरण क्रमांक 439/2021 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि. में स्थायी वारंट की तामीली के तहत स्थायी लम्बे समय से फरार स्थायी वारंटी कोमलदास लहरे पिता भागचंद लहरे उम्र 25 वर्ष एवं करणदास लहरे पिता भागचंद लहरे उम्र 35 वर्ष निवासी उरईडबरी को पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया ।

शांति भंग के आरोपी

इसी तरह गुरुवार 29 अगस्त को ग्राम मडियान में अनावेदक नारायण कंवर द्वारा लडाई झगडा वाद-विवाद करने पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस चौकी चिचोला डायल-112 की मदद से लाया गया था, जिसे समझाईस देकर छोडने पर अनावेदक द्वारा चिचोला चौकी के पास जी.ई. रोड किनारे पुनः ग्राम मडियान के ग्रामीणों से वाद-विवाद, लडाई-झगडा अमादा हो गया जिसे काफी भीड इकट्ठा हो गई थी। पुलिस ने उक्त सूचना पर चिचोला प्रभारी हमराह स्टाप के मौके पर पहुच कर लडाई-झगडा पर अमादा अनावेदक नारायण कंवर पिता स्व. महेश कंवर उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मडियान को लोगों एवं पुलिस द्वारा समझाने का काफी प्रयास किया गया फिर भी अनावेदक समझने को तैयार नही होकर काफी हो हल्ला कर मारने पीटने, लडाई-झगडा पर अमादा था। जिसे मौके पर संज्ञेय अपराध घटित करने से रोकने हेतु मौके पर गिरफ्तार कर लोकशांति भंग होने के अंदेशा प कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डोगरगढ में धारा-170/126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

विद्यार्थियों के हित में चरणबद्ध ढंग से संपूर्ण कार्य समय सीमा में कराएं- कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा

खैरागढ़ (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 29 अगस्त को विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार द्वारा कार्य सूची के विभिन्न बिंदुओं की प्रस्तुति के दौरान अनेक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के कल्याण के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ अन्य अधोसंरचना के विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विद्यालय परिसर में पेयजल की बेहतर व्यवस्था, मैदान के मध्य के बिजली के तारों को हटवाने, मैदान के चारों ओर रोड के निर्माण आदि के संबंध में स्वयं दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा की और स्कूल प्रशासन से इस संबंध में शासन के संबंधित विभागों से सहयोग लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने प्रवेश के संबंध में समय-समय पर आने वाली रिक्तियों को सार्वजनिक सूचना विज्ञापन आदि के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विद्यालय के खेल के मैदान में प्रारंभ से बने हुए बड़े गड्ढे को भरवाने के संबंध में विद्यालय की पहल पर हरसंभव सहयोग उपलब्ध करवाने की बात भी कही।

प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचने पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा का स्वागत किया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर और उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया।इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के साथ-साथ संयुक्त कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, समिति के सदस्य सचिव एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार, सदस्यों के रूप में शिक्षाविद इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के डॉ. राजन यादव, विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ.दिवाकर कश्यप सहायक प्राध्यापक गायन, शिव नारायण मौरे संगतकार (तबला), डॉ.देवमाइत मिंज, प्राध्यापक हिंदी, अन्य सदस्यों में सी.आर. चौरेंद्र, एसडीओ बीएसएनएल, संजय जागृत अनुविभागीय अधिकारी लोकनिर्माण विभाग, अभिभावक सदस्य निखिल सिंह और श्रीमती प्रिया जैन तथा अध्यापक प्रतिनिधि डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय शामिल थे।

प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने इस वर्ष विद्यालय के प्रवेश, नामांकन, स्टाफ की अद्यतन स्थिति, सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम समेत अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम, पिछली छमाही बैठक के बाद से विद्यालय में अब तक हुए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आगामी कार्यों, आवश्यक वस्तुओं की खरीद, मैदान के बीचों-बीच आए बिजली के हाईवोल्टेज तारों को हटवाने, खेलकूद मैदान का घेरा बनाते हुए रोड निर्माण आदि के संबंध में समिति के समक्ष निवेदन करते हुए अनुमोदन का प्रस्ताव रखा, जिन्हें नियमानुसार पूर्ण करवाने के लिए स्वीकृत किया गया। समिति के अभिभावक सदस्यों एवं अन्य सदस्यों ने भी समिति के समक्ष अनेक सुझाव रखे, जिन्हें पूरा करने के लिए प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने हर संभव प्रयत्न का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक संदेश निनावे ने किया। समापन में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

आबकारी विभाग ने अवैध रूप से परिवहन करते हुए 25.920 बल्क लीटर शराब जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि वृत्त डोंगरगढ़ आबकारी विभाग की टीम द्वारा बागरेकसा चौक में ग्राम पीपरखार निवासी अजय वर्मा के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री 144 नग पाव कुल 25.920 बल्क लीटर अवैध रूप से चार पहिया वाहन मारूति आल्टो क्रमांक सीजी 07-5862 पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को आबकारी अधिनिमय के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक उज्जवल कुमार सूत्रधर, आबकारी आरक्षक जनार्दन प्रसाद पाण्डेय व भोजराज बंजारे शामिल थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शहर के दो बच्चे लेंगे हिस्सा

डोंगरगांव (दावा)। राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिंटन व अन्य खेल विद्याओं शामिल किया गया है। इस वर्ष सरगुजा में 01 सितंबर से 04 सितंबर 24 तक खेले जाने वाले राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने हेतु नगर के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्य पाण्डेय का चयन 14 वर्ष आयु वर्ग बालक में हुआ है। वहीं नगर की बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेया कोचर का 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका में चयन हुआ है, नगर के दोनों होनहार बैडमिंटन खिलाड़ी सरगुजा में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में शिरकत करने 30 अगस्त को रवाना होंगे।

नेशनल कराते टूर्नामेन्ट इंदौर में जिले के 9 खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 3 रजत, 5 कांस्य पदक जीता

- छ.ग. स्टेट टीम में राजनांदगॉव के कुल 23 खिलाड़ियों ने किया प्रतिनिधित्व
- विजेता खिलाड़ी राजनांदगॉव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स में वर्षो से ले रहे हैं प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। इंदौर मध्यप्रदेश के बास्केटबाल इंडोर स्टेडियम में 16, 17 एवं 18 अगस्त को आयोजित चौथे वेस्ट जोन नेशनल कराते टूर्नामेंट हेतु विगत दिनों भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय में राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिशन द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता मे प्रदेश के विभिन्न जिलों के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें राजनांदगांव जिला कराते संघ के 45 खिलाड़ियों ने भी भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर जिले के 23 खिलाड़ियों का चयन उक्त टूर्नामेंट के लिए हुआ था, जिसमें अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर जिले के 09 खिलाड़ियों ने पदक पर अपना कब्जा जमाया।

ज्ञातव्य है कि मेडलिस्ट सभी खिलाड़ी स्थानीय कस्तूरबा महिला मंडल में वर्षो से संचालित राजनॉदगॉव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक मुरली सिंह भारद्वाज एवं अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी अम्बर सिंह के पर्यवेक्षण में कराते का प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। इन मेडलिस्ट खिलाड़ियों को डॉ.रमन सिंह अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव, सांसद राजनांदगॉव संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, राजनांदगांव जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, उपाध्यक्ष कमल पूजन, सचिव एवं वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक मुरली सिंह भारद्वाज, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं गुंडाधुर अवॉर्डी सेंशाई अंबर सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पदम एवं अन्य सदस्यों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

मेडलिस्ट खिलाड़ियों के नाम कबीर साहू (9 साल कुमिते 35 कि.ग्रा. स्वर्ण पदक), अर्जुन सोनी (9 साल कुमिते -30 कि.ग्रा. कांस्य पदक), गीत विजय मोटवानी (9 साल कुमिते -30 कि.ग्रा. कांस्य पदक), दीपांशु सिन्हा (13 साल कुमिते -40 कि.ग्रा. रजत पदक), अराध्य दुबे (13 साल कुमिते-55 कि.ग्रा.रजत पदक), तरुण कुमार साहू (अंडर -21 कुमिते-60 कि.ग्रा. रजत पदक), मोनिका पाढ़ी (सीनियर कुमिते-68 कि.ग्रा.कांस्य पदक), दुर्गेश साहू (सीनियर टीम कुमिते कांस्य पदक), टिकेश्वर साहू (सीनियर टीम कुमिते कांस्य पदक) जीता है।

'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल की रैली

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी एवं नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल, बल्देवबाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स रैली का आयोजन स्थानीय जयस्तंभ चौक से किया गया। इस रैली में मुख्य अतिथि के रुप में राहुल देव शर्मा (एडिशनल सुप्रिटेंडेन्ट ऑफ पुलिस) तथा विशेष अतिथि फिरोज अंसारी (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हॉकी एसोसिएशन) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप में परेश वर्मा (खेल शिक्षक सांइस कालेज), रणविजय सिंह (संरक्षक, दिग्विजय स्टेडियम), प्रिंस भाटिया (वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी) उपस्थित रहे। रैली के प्रारंभ में सम्माननीय अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित तथा माल्यार्पण किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। एनबी ग्रुप की यह रैली, जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होकर, शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई पुनः जयस्तंभ चौक में आकर समाप्त हुई। इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ-साथ समस्त नागरिकों में खेल भावना को जागृत करना है, ताकि भविष्य में बच्चे, खेल के माध्यम से शाला परिवार, शहर, राज्य तथा देश का नाम ऊँचा कर सके। इन्हीं भावनाओं के साथ शाला प्रागंण में बास्केटबॉल तथा बैडमिंटन कोर्ट के साथ, ओपन स्पोर्ट्स एरिना की स्थापना की गई है ताकि, बच्चों को खेलों में असुविधा न हो। रैली में शाला के विभिन्न खेलों के खिलाड़ी विशेष रुप से उपस्थित थे, जो अपने खेल के माध्यम से शाला परिवार का नाम गौरवांवित करते आ रहे हैं।

त्रिपुरा और केरल राज्य में प्राकृतिक आपदा के कारण छत्तीसगढ़ सरकार देगी 15-15 करोड़ रू. की सहायता राशि

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा त्रिपुरा और केरल में प्राकृतिक आपदा के कारण वृहद स्तर पर जन-धन की हानि होने पर संकट की इस घड़ी में दोनों राज्यों को 15-15 करोड़ रूपए की राशि आपदा राहत कोष से जारी करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विगत कुछ दिनों से त्रिपुरा और केरल में प्राकृतिक आपदा के कारण वृहद स्तर पर जन-धन की हानि की दुःखद खबरें प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं आपदा प्रभावित लोगों के साथ है। छत्तीसगढ़ सरकार इस विपरीत परिस्थिति में दोनों राज्यों की मदद के लिए तत्पर है।

रैली में मुख्य रुप से संस्था के डायरेक्टर इंजीनियर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गाँधी, एडमिन नितिन चौहान उपस्थित रहे। वहीं एनपीपीएस बल्देवबाग की प्राचार्या श्रीमती ईला राठौड़, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, एडमिनिस्ट्रेटर संतोष पिल्लई एचएम श्रीमती वैशाली सिंह, एनपीपीएस जयस्तंभ एचएम श्रीमती स्नेहलता तिवारी, एनएफएस एचएम श्रीमती मधुजा महेश्वरी इस रैली में विशेष रुप से उपस्थित रहे। इस रैली में एनबी ग्रुप के खेल विभागाध्यक्ष डाक्टर विकास वैष्णव के साथ, खेल शिक्षक योगेश चौहान, आशीष मिश्रा, यशवंत कौशिक, पवित्र साहू, दिव्या साहू, माधुरी पाल, दुर्गेश साहू तथा सुषमा साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस रैली में एनबी ग्रुप स्कूल के शिक्षकगण तथा बच्चों ने अपनी महती भूमिका निभाई। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी रुचि श्रीवास्तव ने दी।

अनमोल दावा

"इन्सान की पहचान सूरत से नहीं चरित्र से करिए, क्योंकि सोना अक्सर लोहे की तिजोरी में ही रखा जाता।

कोलकाता की घटना पर जनता का गुस्सा जायज, राजनीतिक नफा-नुकसान से जुड़ा है नेताओं का विरोध

सीएम ममता बनर्जी को इसे राजनीतिक रस्साकशी का मुद्दा बनाने के बजाय लोगों को यह भरोसा दिलाना होगा कि वे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले में नबन्ना तक निकाले गए मार्च के दौरान पश्चिम बंगाल छात्र समाज के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करते आरएएफ कर्मी। लगा था कि सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बाद कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या मामले को लेकर उभरा लोगों का रोष कुछ कम हो जाएगा, मगर वह और बढ़ता जा रहा है। अदालत ने घटना के विरोध में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से काम पर लौटने की अपील की थी। मामले पर कार्रवाई में बरती गई शिथिलता और लापरवाहियों को लेकर पुलिस और चिकित्सालय प्रशासन को फटकार लगाई थी। मगर उससे लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा। मंगलवार को पश्चिम बंग छात्र समाज ने 'नवान्न' अभियान शुरू कर दिया।

बताया जा रहा है कि यह छात्रों का गैरराजनीतिक मंच है और इसकी तीन प्रमुख मांगें हैं- पीड़िता को न्याय मिले, मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें और अपराधी को मृत्युदंड मिले। अब छात्रों के विरोध में कुछ सरकारी कर्मचारी संगठनों ने भी अपना स्वर मिला दिया है। उधर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को बारह घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया था, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कई जगह झड़पें भी हुईं। ऐसे वातावरण में राष्ट्रपति ने भी अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि बेटियों पर अत्याचार को सहन न किया जाए। किसी भी हाल में महिलाओं का उत्पीड़न रुकना चाहिए।

स्वाभाविक ही इस विरोध प्रदर्शन से ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि इस मामले पर सियासी बयानबाजियां भी तेज हो गई हैं। ममता बनर्जी इन विरोध प्रदर्शनों के पीछे भाजपा का हाथ बता रही हैं और उनका आरोप है कि केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेता भी इसमें सियासी रंग घोल रहे हैं। इस तरह कोलकाता बलात्कार और हत्या प्रकरण में अब असल मुद्दे पर कार्रवाई से अधिक राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। हालांकि इस घटना को बीस दिन हो गए और शुरू में ही ममता बनर्जी ने इस पर सख्त रुख अख्तियार कर लिया था। आरोपी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया, लापरवाही बरतने वाले अस्पताल प्रशासन के खिलाफ भी कार्रवाई कर दी गई। मामले की जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंप दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। आरोपी के सच से सामना कराने से कुछ तथ्य सामने आने की उम्मीद बनी हुई है। मगर लोगों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही, तो इसकी कुछ वजहें साफ हैं। अभी तक अनेक आपराधिक मामलों में ममता बनर्जी सरकार का रवैया संतोषजनक नहीं देखा गया है। उन सबका मिलाजुला, लंबे समय से जमा रोष इस घटना के बाद फूट पड़ा है।कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या कांड को लेकर पूरे देश में आक्रोश प्रकट हुआ है, तो उसके पीछे भी बड़ी वजह महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बरती जा रही शिथिलता है। राष्ट्रपति के बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि निर्भया कांड के बारह बरस बाद भी ऐसे जघन्य अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे। मगर जब तक सरकारें राजनीतिक नफे-नुकसान से ऊपर उठ कर इस दिशा में सामूहिक प्रयास से कोई व्यावहारिक और कारगर कदम नहीं उठाएंगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल बना रहेगा। ममता बनर्जी को इसे राजनीतिक रस्साकशी का मुद्दा बनाने के बजाय लोगों को यह भरोसा दिलाना होगा कि वे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं और बलात्कार तथा हत्या मामले में न्याय दिलाने का हर प्रयास करेंगी।

बांग्लादेश से शेख़ हसीना का जाना क्या वहाँ के हिन्दुओं के लिए झटका है?

अकबर हुसैन

बांग्लादेश में राजनीति और सत्ता में परिवर्तन के साथ ही अल्पसंख्यकों ख़ासकर हिंदुओं की सुरक्षा का मामला बेहद संवेदनशील हो उठता है. बीते चार दशकों के राजनीतिक इतिहास को देखें, तो पता चलता है कि चुनाव में अवामी लीग के पराजित होने या सत्ता से हटने के बाद हिंदुओं पर हमले के आरोप सामने आते रहे हैं. राजनीतिक पर्यवेक्षकों और विभिन्न हिंदू संगठनों के नेताओं का कहना है कि साल 1992 में भारत में बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद बांग्लादेश में पहली बार हिंदुओं पर बड़े पैमाने पर हमले किए गए थे.उस समय ख़ालिदा ज़िया के नेतृत्व वाली बीएनपी सरकार सत्ता में थी.उसके बाद साल 2001 के चुनाव में अवामी लीग की हार के बाद दूसरी बार हिंदुओं पर बड़े पैमाने पर हमले हुए थे. उस चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद देश के विभिन्न ज़िलों में हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले किए गए थे.

हालाँकि उस समय न्यायमूर्ति लतीफ़ुर रहमान के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार सत्ता में थी.चुनाव के नतीजे घोषित होने के दिन से लेकर बीएनपी सरकार के शपथ ग्रहण के दौरान विभिन्न जगहों पर हिंदुओं पर हमले किए गए थे.

बीएनपी के सत्ता संभालने के बाद भी ऐसी घटनाएँ जारी रही थीं.उन हमलों के मामले में तब बीएनपी की राजनीति से जुड़े कई लोगों के ख़िलाफ़ आरोप लगे थे. हिंदुओं पर हमले की आख़िरी घटना बीती पाँच अगस्त को शेख़ हसीना के इस्तीफ़ा देकर पलायन करने के बाद हुई.हालाँकि बीबीसी ने फ़ैक्ट चेक में पाया है कि उन हमलों से संबंधित जितनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, उनमें से कई फ़र्ज़ी थीं. लेकिन ऐसा नहीं है कि हमले हुए ही नहीं.हिंदुओं के एक संगठन जातीय हिंदू महाजोट यानी राष्ट्रीय हिंदू महागठबंधन ने आँकड़ों के साथ दावा किया है कि शेख़ हसीना सरकार के सत्ता से हटने के बाद देश के 48 ज़िलों में हमले की 278 घटनाएँ हुई हैं.दूसरी ओर, हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद नामक एक अन्य संगठन का दावा है कि 52 ज़िलों में अल्पसंख्यकों पर हमलों और उत्पीड़न की कम से कम 205 घटनाएँ हुई हैं.अल्पसंख्यक अधिकार आंदोलन नाम के एक संगठन ने देश के विभिन्न इलाक़ों में हिंदू समुदाय के लोगों के घरों और मंदिरों पर हमले की घटनाओं की जाँच के लिए अल्पसंख्यक आयोग के गठन की मांग की है.ऐसे तमाम संगठनों के दावों की सच्चाई की जाँच करना संभव नहीं है. इस बात की भी कोई निष्पक्ष जाँच नहीं की जा सकी है कि ऐसे मामलों में कितने हमले धार्मिक पहचान की वजह से हुए हैं और कितने हसीना सरकार से नज़दीकी लोगों के ख़िलाफ़ उपजी नाराज़गी के कारण.बीबीसी फ़ैक्ट चेक, बीबीसी वेरिफ़ाई और ग्लोबल डिसइनफ़ॉर्मेशन टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली कई पोस्टों की जाँच की है. इनसे पता चलता है कि बांग्लादेश में शेख़ हसीना सरकार के पतन के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाएँ तो हुई हैं, लेकिन कई मामलों में अफ़वाह भी फैलाई गई है. हिंदुओं के एक संगठन जातीय हिंदू महाजोट यानी राष्ट्रीय हिंदू महागठबंधन ने आँकड़ों के साथ दावा किया है कि शेख़ हसीना सरकार के सत्ता से हटने के बाद देश के 48 ज़िलों में हमले की 278 घटनाएँ हुई हैं.दूसरी ओर, हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद नामक एक अन्य संगठन का दावा है कि 52 ज़िलों में अल्पसंख्यकों पर हमलों और उत्पीड़न की कम से कम 205 घटनाएँ हुई हैं.अल्पसंख्यक अधिकार आंदोलन नाम के एक संगठन ने देश के विभिन्न इलाक़ों में हिंदू समुदाय के लोगों के घरों और मंदिरों पर हमले की घटनाओं की जाँच के लिए अल्पसंख्यक आयोग के गठन की मांग की है.ऐसे तमाम संगठनों के दावों की सच्चाई की जाँच करना संभव नहीं है. इस बात की भी कोई निष्पक्ष जाँच नहीं की जा सकी है कि ऐसे मामलों में कितने हमले धार्मिक पहचान की वजह से हुए हैं और कितने हसीना सरकार से नज़दीकी लोगों के ख़िलाफ़ उपजी नाराज़गी के कारण.बीबीसी फ़ैक्ट चेक, बीबीसी वेरिफ़ाई और ग्लोबल डिसइनफ़ॉर्मेशन टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली कई पोस्टों की जाँच की है. इनसे पता चलता है कि बांग्लादेश में शेख़ हसीना सरकार के पतन के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाएँ तो हुई हैं, लेकिन कई मामलों में अफ़वाह भी फैलाई गई है.

बांग्लादेश के दो निजी शोध संस्थानों ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ़ होने वाली हिंसा के 70 प्रतिशत मामले ज़मीन विवाद से संबंधित हैं.यह नाराज़गी उनकी संपत्ति या पूजा स्थल पर तोड़-फोड़ कर जताई जाती है. सेंटर फ़ॉर अल्टरनेटिव्स (सीए) की बांग्लादेश पीस आब्ज़र्वेटरी (बीपीओ) ने साल 2013 और 2022 के बीच अल्पसंख्यकों पर होने वाले हमले और हिंसा के तरीक़ों के विश्लेषण के बाद इस साल जून में अपनी रिपोर्ट जारी की है.हिंदू समुदाय के लोगों में से ज़्यादातर मानते हैं कि देश में अल्पसंख्यकों पर होने वाले अधिकतर हमले हिंदुओं पर ही हुए हैं.कुमिल्ला के रहने वाले राजीव कर बीबीसी बांग्ला से कहते हैं, राजनीतिक वजहों से तो हमले होते ही हैं, लेकिन हिंदुओं की संपत्ति पर क़ब्ज़ा करना भी इन हमलों का एक मक़सद होता है. लेकिन ऐसे मामलों की जाँच नहीं की जाती.साल 2001 के आम चुनाव में बीएनपी-जमात गठजोड़ के सत्ता में आने के बाद आवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों के नेताओं-सदस्यों और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के ख़िलाफ़ हुए हमलों, हत्याओं, रेप और लूटपाट के अलावा मानवता विरोधी आरोपों की जाँच के लिए एक न्यायिक जाँच आयोग का गठन किया गया था. शहाबुद्दीन आयोग को क़रीब 25 हज़ार शिकायतें मिली थी. लेकिन उसने उनकी जाँच के बाद क़रीब पाँच हज़ार आरोपों को स्वीकार किया था. हिंदू नेताओं का कहना है कि उन आरोपों की न तो कोई जाँच की गई और न ही किसी पर मुक़दमा चलाया गया.लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ ओरिएंटल एंड अफ़्रीकन स्टडीज़ के प्रोफ़ेसर मुश्ताक़ ख़ान बीबीसी बांग्ला से कहते हैं, बांग्लादेश की राजनीति में हिंदुओं का मुद्दा संवेदनशील होने के दो कारण हैं. पहला यह कि बांग्लादेश के पड़ोसी भारत में सांप्रदायिक मुद्दा काफ़ी ज़ोरों पर है. वहाँ मुसलमानों पर अत्याचार के आरोप भी लगते रहे हैं. उसका असर बांग्लादेश पर भी पड़ रहा है.वे बताते हैं, दूसरा कारण यह है कि बांग्लादेश में बीते क़रीब 15 वर्षों से अवामी लीग सत्ता में थी. वह यह दिखाना चाहती थी कि पार्टी धर्मनिरपेक्षता की समर्थक है और इस्लामिक ताक़तें उन्हें उखाड़ फेंकना चाहती हैं. इसी रवैए की वजह से भारत ने लंबे समय तक अवामी लीग को सत्ता में बनाए रखा. उसने हिंदुओं की रक्षा के लिए ऐसा किया था या फिर अपने हितों के लिए? डॉक्टर ख़ान मानते हैं कि इन मुद्दों की वजह से ही बांग्लादेश में भारत विरोध काफ़ी तेज़ हो गया और इसका असर हिंदुओं पर पड़ रहा है. वे कहते हैं, बांग्लादेश में यह भावना घर कर गई है कि भारत अवामी लीग को सत्ता में बने रहने में मदद करता है, वह (भारत) हिंदुत्ववादी देश है और बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू अवामी लीग का समर्थन करते हैं. इन वजहों से ही राजनीतिक परिवर्तन होने की स्थिति में ज़्यादातर लोगों की नाराज़गी फट पड़ती है.अवामी लीग के सत्ता से हटने या चुनाव में हारने के बाद स्वाभाविक रूप से राजनीति के मैदान में बीएनपी सामने आती रही है.इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिंदुओं पर हमलों ने बीएनपी को भारत की निगाहों में नकारात्मक स्थिति में खड़ा कर दिया है.शेख़ हसीना के पलायन के बाद प्रोफ़ेसर युनूस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के सत्ता संभालने के बावजूद राजनीति के मैदान में बीएनपी काफ़ी सक्रिय है.हिंदुओं पर होने वाले हमलों की घटनाओं में बार-बार बीएनपी की ओर ही उंगली उठती रही है और इस बार भी अपवाद नहीं है.बीएनपी की राष्ट्रीय स्थायी समिति के सदस्य सलाउद्दीन अहमद ने बीबीसी बांग्ला से कहा, बीएनपी को राजनीतिक तौर पर असहज स्थिति में डालने के लिए ही आवामी लीग हमेशा अल्पसंख्यकों का मुद्दा सामने ले आती है.वो मानते हैं कि छात्रों और आम लोगों की क्रांति के कारण शेख़ हसीना सरकार का पतन हुआ और वह भागकर भारत जाने पर मजबूर हुईं.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 244 : लक्ष्मण जी की श्री राम के प्रति अगाध श्रद्धा और सीता जी का कक्ष में प्रवेश

योगेन्द्र कुमार पाण्डे

लक्ष्मण जी आज्ञापालक हैं। उन्होंने अपने तर्कों से अपने बड़े भैया श्री राम को वनवास का निर्णय वापस लेने के लिए मनाने का पूरा प्रयत्न किया लेकिन श्री राम अपने मन में निश्चय कर चुके थे।

श्री राम ने उन्हें अभिषेक कार्यक्रम रोकने के संबंध में आवश्यक कार्यों के संपादन के लिए सुमंत जी की सहायता का निर्देश दिया था लेकिन लक्ष्मण जी अविचल हैं। श्री राम इस बात को समझ रहे हैं कि लक्ष्मण जी दुखी और व्याकुल हैं। अपने ज्येष्ठ भ्राता के बिना वे एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं। श्री राम उन्हें छोड़कर वन चले जाएंगे, इस तथ्य को श्री लक्ष्मण जी स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। माता कौशल्या और माता सुमित्रा दोनों है इस तथ्य से परिचित है कि अगर पुत्र राम ने कोई निर्णय कर लिया है,और अगर निर्णय राज्य की ओर से है तो ऐसे राज्यादेश को वे कभी अस्वीकार नहीं करेंगे।इससे भी बढ़कर अगर पिता का आदेश है तो इस प्रच्छन्न आदेश में माता कैकेई की रहस्यपूर्ण भूमिका को देखते हुए भी श्री राम के मन में कोई भ्रम नहीं है और न ही उनके मन में कोई कड़वाहट है।

लक्ष्मण जी ने कहा, ''जब माता कैकेई ने सुमंत जी को आदेश दे ही दिया है भैया तो आपसे प्रार्थना है कि आप मुझे यहां से उस कार्य के लिए जाने को न कहें। अभी मुझे अपना सर्वोपरि कर्तव्य तो यही प्रतीत हो रहा है कि मैं आपके साथ ही रहूं।''

स्वयं के प्रति लक्ष्मण जी की श्रद्धा देखकर श्री राम मुस्कुरा उठे। उन्होंने कहा, ''इस राम के बिना भी तो तुम्हारे और कई कर्तव्य होंगे लक्ष्मण।''

''नहीं भैया! जहां आप हैं वहां मैं हूं और आपके कर्तव्यपालन में सहायता ही मेरा सबसे बड़ा कर्तव्य है..'' लक्ष्मण जी ऐसा कह ही रहे थे कि घबराई हुई जानकी जी ने कक्ष में प्रवेश किया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शिक्षक की स्मृतियां - 6

आपको कैसे पता चला ?

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ में तब डी एड पाठ्यक्रम में 25 नंबर का सत्रगत कार्य होता था। तब प्रशिक्षार्थी एक दूसरे की नकल कर कार्य पूर्ण करते थे । कोई एक कापी जांच लो, उसमें जो त्रुटियां होगीं वही सभी कापियों में मिलती थी।

मैने इस नकल की परंपरा को समाप्त करने एक युक्ति निकाली । प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को अलग काम दिया। और, निर्देश भी दिया कि प्रत्येक अलग अलग आयेंगें जमा करने। समूह में नही आयेगें । मैं पहले सरसरी तौर पर देख लुंगा, तब लुंगा। साथ ही यह भी कहा, कि, केवल एक पुस्तक से नकल कर लिख कर नही लायेंगें । कम से कम तीन चार पुस्तकों से पढ़कर, समझकर लिखेंगें। तब वो शोध कहलाता है। कालातर में सभी प्रशिक्षार्थी अपना सत्रगत कार्य जमा करने लगे । एक दिन छुईखदान विकास खण्ड की एक लड़की अपना लिखा जमा करने आई । मैने सरसरी तौर पर उसका लिखा देखा और थोड़ी उंची आवाज में पूछा - किसने लिखा है? उसने कहा -'मैने लिखा है।' मेरा जवाब था किंतु ये किसी लड़की की लिखावट नहीं लगती?

उसे संतुष्ट करना भी आवश्यक था । मैने एक शब्द के आगे पीछे के अक्षर को अपनी अंगुलियों से छुपाते हुए उसे बीच के अक्षर को मेरे सामने लिखने कहा । उसने लिखा, किंतु, उस अक्षर की बनावट अलग थी । मैने पूछा अब कैसे अलग हो गया ? उसने स्वीकार किया ''मेरे भैया ने लिखा है।'' उसका अगला प्रश्न था आपको कैसे पता चला ? क्या लड़को और लड़कियों की लिखावट अलग अलग होती है ? मैने अपने बालों की ओर इशारा करते कहा - ''बेटा, ये बाल धुप में नही पके / सफेद हुए है।'' जीवन का अनुभव सब कुछ सीखा देता है।

व्यक्ति की लिखावट बोलती है । बशर्ते, उसे पढ़ने आना चाहिए । लिखावट का महत्व तब तक बना रहेगा, जब तक लिखित परीक्षा का प्रावधान है। उत्तर पुस्तिका का पहला पन्ना देखते ही पता चल जाता है, विद्यार्थी कितने प्रतिशत अंक लायेगा। बच्चे की लिखावट सब कुछ बयां कर देती है उसकी बुद्धिमता, अध्ययन का स्तर, समझदारी इत्यादि। इतना महत्वपूर्ण होने पर भी स्कलों में बच्चो की लिखावट सुधार की दिशा में समुचित ध्यान सामान्यतया नहीं दिया जाता ।

युगल किशोर तिवारी

राशिफल

मेष
आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा । इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग सबको न बताएं तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज अपने बनाये हुये प्लान पर कार्य करेंगे तो आपके सोचे हुए सारे काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे ।

वृषभ
आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी।

मिथुन
आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इजाफा बचत को ज्यादा मुश्किल बना देगा। बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है।

कर्क
आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये लाभदायक रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें।

सिंह
आज आपका दिन शानदार रहने वाला हैं। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें।

कन्या
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। स्वास्थ्य आज थोड़ा डाउन हो सकता है, लेकिन समय से देखभाल करने से जल्द ही ठीक हो जायेगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

तुला
आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है।

वृश्चिक
आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें । पुरानी टेंशन आज खत्म होगी। इस राशि जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

धनु
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी हो सकती है। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें।

मकर
आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है।

कुंभ
आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धनलाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

मीन
आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है।

सामयिक चर्चा

भृत्य की प्रार्थना का मतलब

बानी बोले-''सुनिए गजाधर!
आज हास्य मिश्रित विचित्र खबर -
स्वामी आत्मानंद स्कूल,
मानपुर में अनुशासनहीनता
व लापरवाही की पराकाष्ठा।
वहाँ भृत्य कराती है प्रार्थना,
प्राचार्य और व्याख्याता
नदारद रहते हैं।
इस पर हम तो हँसते हैं।
आप क्या कहते है?
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
हम इस पर अलग राय रखते हैं,
हम इसे एकदम ठीक कहते है।
क्योंकि देखो भैया!
भृत्य का मतलब
स्कूल का सबसे छोटा
दीन हीन कर्मचारी।
तो दीन हीन कर्मचारी द्वारा बच्चों को
कराई जाने वाली प्रार्थना को,
दीनबंधु अवश्य सुनते हैं।''

-गिरीश बख्शी

पाठकों के पत्र में

राजनांदगांव के साथ फिर धोखा : ना ट्रेन का स्टॉपेज, ना उद्योग, ना रोजगार : लोगों में गुस्सा और निराशा

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 12 औद्योगिक स्मार्ट शहरों की मंजूरी के बावजूद, राजनांदगाँव को एक बार फिर धोखा दिया गया है। लोगों में गुस्सा और निराशा का माहौल है। हम, राजनांदगांव की जनता के तरफ से, डॉ. रमन सिंह जी और सांसद संतोष पांडे की निष्क्रियता की निंदा करते हैं। उन्होंने राजनांदगांव के लोगों को हर चुनाव में वादे किए, लेकिन चुनाव जीतने के बाद राजनांदगांव के विकास को अनदेखा कर सत्ता के सुख में विकास को भूल जाते हैं। हमारे जनप्रतिनिधि निष्क्रिय हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। वे सिर्फ अपने हितों के बारे में सोचते हैं और लोगों की परवाह नहीं करते सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते है। हम मांग करते हैं कि डॉ. रमन सिंह जी और सांसद संतोष पांडे जी राजनांदगांव के विकास के लिए कुछ कदम उठाएं। हम लोगों की निराशा और गुस्से को समझते हैं और हमें लगता है कि यह समय है कि हम अपने नेताओं को जवाबदेह ठहराएं। हम राजनांदगांव के लोगों से अपील करते हैं कि वे एकजुट हों और अपने अधिकारों के लिए लड़ें।

प्रणव दास वैष्णव
पूर्व प्रदेश प्रमुख, जवाहर बाल मंच, राजनांदगांव

शब्द सामर्थ्य -162

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 161 का हल

गांव में रोज बिजली कटौती एसडीएम को ज्ञापन

डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव विकासखंड क्षेत्र के गांव में रोज अथवा आए दिन अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज से क्षेत्रवासी परेशान है। भीषण उमस और गर्मी के चलते भादो में भी कूलर चलाने पड़ रहे हैं। दिनभर खेतों में काम करके किसान मजदूर आए होते हैं उन्हें आराम और पंखे कूलर की हवा की सख्त जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में लाइट गुल की स्थिति के कारण बीमार पड़ना पड़ रहा है। नींद पूरी नहीं हो रही है थकान नहीं मिट रहा है दूसरे दिन फिर खेतों में काम करना पड़ रहा है। यह विकट स्थिति गांव को ग्रामवासियों को सरकार से सख्त नाराज कर रही है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए लाम बंद हो रहे हैं।

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने बताया कि डोंगरगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी गांव में आये दिन अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज तथा अन्य कई विद्युत समस्याएं हो रही है। जिसके चलते

ब्लॉक एनएसयूआई के नेतृत्व में बिजली कार्यालय का घेराव

तुमडीबोड क्षेत्र बहुत ज्यादा प्रभावित हो रहा है एवं आमजनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही गई है। इस दौरान तुमड़ीबोड़ बाजार से प्रदर्शन करते हुए बिजली ऑफिस का घेराव किया गया। इसी दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन भी किया गया। इस दौरान ब्लॉक एनएसयूआई के नेतृत्व में बिजली कार्यालय के घेराव में डोंगरगांव के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष एनएसयूआई अमर झा, प्रदेश सचिव एनएसयूआई आदित्य वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई वासुदेव साहू, विधानसभा अध्यक्ष एनएसयूआई उज्जवल निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष एनएसयूआई घनश्याम साहू, बलिराम साहू पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, सोनू राम साहू, गौतम वर्मा, पुरषोत्तम वर्मा, हेमंत साहू, जनपद सदस्य मोहनीश साहू, सेक्टर प्रभारी भुवाल साहू, चितेश साहू, जमुना साहू, सुशीला निषाद, लेखराम देवांगन देवेंद्र साहू, राहुल देशलहरे, ओमकार चौधरी, नवीन वर्मा, गिरधर साहू, बंटी, राजेश कुमार, किशन कुमार, पूनमचंद साहू, राकेश, रेवाराम, ताराचंद, तुलेश साहू, दिलीप रामकुमार पटेल, शिव कुमार साहू, परमानंद वर्मा, तोमेश्वर यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शराब पीकर मदहोश शराबी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई

डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस ने नेहरू कालेज के सामने रोड किनारे शराब पीकर मदहोश शराबी के खिलाफ कार्रवाई की है। शराबी के कारण मार्ग में आने जाने वाले लोगो को क्षोभ प्रकट हो रहा था।

शराबी का नाम अंकित नेताम पिता सुन्हेर नेताम उम्र 22 साल निवासी बिच्छीटोला का रहने वाला बताया। जिसे गवाहो के समक्ष शराब दुर्गन्ध पंचनामा तैयार किया गया गवाहों का कथन लिया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध पाये जाने से 28 अगस्त के 21:40 बजे गिरफ्तार किया गया सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर गंडई मंडल में कार्यशाला : विक्रांत ने किया संबोधित

गंडई पंडरिया (दावा)। भाजपा द्वारा 2 सितंबर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाया जाना जिसे लेकर गंडई में कार्यशाला का आयोजन 28 अगस्त को वार्ड नम्बर 05 स्थित मंगल भवन में दोपहर 12 बजे किया गया। इस दौरान बताया गया कि भाजपा सदस्यता अभियान के तहत 1 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्यता लेंगे जेपी नड्डा उन्हें सदस्यता दिलाएंगे। इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पहले सदस्य बनकर इस अभियान का आगाज करेंगे। तत्पश्चात 2 सितंबर से पूरे देश में सदस्यता का महाअभियान चालू किया जाएगा। भाजपा सदस्यता महाअभियान को शत प्रतिशत सफल करने केंद्र, राज्य व जिला के पश्चात गंडई मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें पूरे मंडल से भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, विधानसभा के संयोजक टिके चंदेल, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टेकन देवांगन, आनंद सिंह मंडल उपाध्यक्ष छुईखदान, धरमु पटेल, कार्यक्रम के संयोजक राकेश ठाकुर, गोपाल साहू, विक्की अग्रवाल, रवि भावनानी, श्यामपल ताम्रकार, राकेश जयसवाल, संजय राजपूत, भीखू हिरवानी, लीलाराम साहू, दूजे वर्मा, महिला मोर्चा से अंजली देवांगन, आशा कुर्रे, उमा चौबे, सोनिया दुबे, अंबिका यादव, शैल त्रिपाठी, प्रिया तिवारी, लेखराम साहू, जितेन पटेल, यतीश कुंजन, अंकित अग्रवाल, भूपेंद्र पटेल, सिद्धार्थ तिवारी, प्रभु राम जंघेल, तिलक जंघेल, मनु मरकाम, आत्मा साहू, शिव प्रसाद साहू, विष्णु साहू, केशव साहू, गंगू रजक, सुखराज निर्मलकर, बलराम साहू, ओमकार जंघेल, अमर सिंह साहू, सेवक साहू, रामकुमार साहू, तोहर साहू, जसवंत साहू, देवशरण शर्मा, नारद साहू, रामू मरकाम, कैलाश धनकर, रमेश जांघेल, नागेश्वर साहू, ओमकार विश्वकर्मा, बाकें निषाद सहित पूरे 56 बूथ से अधिकतर जिम्मेदार एवं निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पहला कॉलम...

कल गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव

1 सितंबर को जन्मोत्सव का भव्य आयोजन मोक्षधाम सांकरदाहरा में

डोंगरगढ़(दावा)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला ईकाई राजनांदगांव एवं ब्लाक ईकाई डोंगरगांव के संयुक्त तत्वावधान में 31 अगस्त शनिवार एवं 1 सितम्बर रविवार को दो दिवसीय संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मोक्ष धाम साकरदाहरा (डोंगरगांव) में आयोजित किया गया है। जिसमें यह कार्यक्रम कबीरमठ नादिया में आयोजित होना था लेकिन किसी कारणवश यह कार्यक्रम इसी तारीख को मोक्षधाम सांकरदाहरा डोंगरगांव में आयोजित होगा जिसमें जिले के विभिन्न मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू ने दी।

आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक शाला रवेली में फल वितरण

राजनांदगांव (दावा)। अपनी नातीन योगिता साहू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला स्कूल रवेली में फल वितरण किया गया। श्रीमती पुष्पा साहू वार्ड नंबर 11 के पंच द्वारा प्राथमिक शाला रवेली, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में न्योता भोज हेतु केला, सेब फल वितरण किया गया। जिसमें स्कूल के प्रधान पाठक आशीष खान एवं शिक्षक साहू सर तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सारिका उपस्थित थे।

चाकू से हमला करने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज

डोंगरगढ़(दावा)। गोविंदा उत्सव कार्यक्रम के दौरान दो युवकों के मध्य धक्कामुक्की को लेकर विवाद इतना बड़ा की आरोपी ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। सब्जी विक्रेता प्रार्थी करण सोनवानी पिता किशन सोनवानी ने पुलिस को बताया कि, दिनांक 27 अगस्त के रात्रि 10:30 बजे मैं अपने दोस्त ईम्मू भाई, सुफियान खान के साथ अलग-अलग मोटर सायकल में दही लूट प्रोग्राम देखने जा रहे थे।

ब्लू टोन कपडा दुकान मेन रोड कश्मीरीपारा मोड के पास पहुचे थे कि उसी समय चिनु ठाकुर (दीपक ठाकुर का लडका) निवासी कुम्हारपारा को हल्का से धक्का लग गया। इसी बात पर से चिनु ठाकुर ने मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा मेरे द्वारा मना करने पर चिनु ठाकुर ने चाकूनुमा औजार से मेरे सिर एवं माथे पर मार दिया। जिससे मुझे चोंट लगा। घटना को ईम्मू एवं सुफियान देखे सुने है। मुझे डायल 112 से ईम्मू एवं सुफियान ईलाज हेतु सीएचसी डोंगरगढ ले जाकर भर्ती किये। बाद ईलाज के आज दिनांक 29 अगस्त को रिपोर्ट लिखाने आया हूं।

पेयजल समस्या निदान हेतु प्राचार्य को सौपा ज्ञापन

पेयजल की समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन करेंगे छात्र

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुराने भवन में पिछले 6 दिनों से पानी सप्लाई नही होने के कारण छात्र-छात्राएं परेषान हैं। विद्यार्थियों को पेयजल की समस्या से जुझना पड़ रहा है। जिसकी षिकायत छात्र-छात्राओं ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती से करते हुए जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की है। मांग पूरी नही होने पर छात्र-छात्राओं ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए समस्त जबाबदारी महाविद्यालय प्रशासन की होना बताया है। ज्ञापन सौपने के दौरान डाकेश्वर, रमन साहू, विक्की रामटेके, तिजेश्वरी साहू, स्नेहा डोगरे, आरती मानिकपुरी, बबिता कौशिक, फेनिश, रूपेश साहू, रूपेन्द्र, शारदा वर्मा, निकिता वर्मा, सिद्धी नेताम, कविता, मानसी, मल्लिका, पायल, पूजा, सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जन्माष्टमी के अवसर पर राजा खुज्जी में हुआ भव्य रामधुनी का आयोजन

साल्हे (दावा)। गत 26 व 27 अगस्त को ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामधूनी प्रतियोगिता एवं गोविंदा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अंचल के ख्यातिलब्ध मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। उक्त आयोजन के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी ने प्रतियोगिता का विधिवत्त शुभारंभ किया उनके साथ कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि कैलाश शर्मा, उत्तमचंद नाहटा, शिव गोविंद पंसारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का ग्राम विकास समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

उक्त दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लोकरागनी बाल समाज ग्राम ठेठवार लंझिया, द्वितीय स्थान पर श्री राधे गोविंद रामधुनी मंडली ग्राम मोहगांव, तृतीय स्थान पर जय मां दुर्गा रामधुनी मंडली ग्राम पेंडरवानी, चतुर्थ स्थान पर जय बजरंग रामधुनी मंडली ग्राम धामनसरा, पंचम स्थान पर जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली ग्राम कसही एवं षष्ठम स्थान पर श्री आदर्श रामधुनी मंडली ग्राम कापा और अंतिम सप्तम स्थान पर जय बजरंग रामधुनी मंडली ग्राम परसाडीह रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गुलशन साहू, संतोष पटेल, गुलशन देवांगन, जागेंद्र सोनकर, गजेंद्र साहू, मनीष मालेकर, खोमराज देवांगन, जगत सोनकर, ईश्वर सिन्हा, राम रतन सोनकर, शिव गोविंद पंसारी, ओमकार देवांगन, छगन निषाद, विमल जैन, आशु गोस्वामी, अजय गायकवाड, पीतांबर निषाद, त्रिलोक साहू घनश्याम साहू, महेश पटेल, अंजुमन देवांगन, देवराज निषाद, अंकित यादव, हर्षित यादव, शुभम जैन, नागेश्वर ठाकुर, राज सोनकर, देवेश पटेल सहित आदि का सराहनीय योगदान रहा।

हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के शारीरिक शिक्षण विभाग अंतर्गत 29 अगस्त को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मार्गदर्शन में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, संजीव गोमास्तव, बालोद एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी जितेंद वर्मा, सहा. प्राध्या. डॉ. प्रदीप जामबुलकर, डॉ. आशा चौधरी मंचस्थ थे।

वरिष्ठ खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर नगर स्तरीय बैडमिंटन टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया एवं प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले वरिष्ठ खिलाड़ी का महाविद्यालय द्वारा सम्मान किया गया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित कर सफल आयोजन के लिए आयोजक विभाग को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों को महाविद्यालय परिवार की और से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को गोविंद उत्सव के रूप में मनाया गया

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को गोविंदा उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भजन प्रतियोगिता गीत प्रतियोगिता राधा वेशभूषा प्रतियोगिता श्री कृष्णा वेशभूषा प्रतियोगिता मटकी सजाओ प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

इस अवसर पर शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती वैशाली देशकर आदि उपस्थित थे। नन्हे मुने बच्चों ने राधा कृष्ण का वेशभूषा धारण कर आए थे। ऐसा लग रहा था मानो भगवान कृष्ण राधा स्वयं धरा में अवतरित हो गए हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, रितु साहू, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति मार्वे, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

छुईखदान में याद-ए-मुकेश संगीत संध्या आयोजित हुई

छुईखदान (दावा)। राजमहल मैरिज गार्डन छुईखदान में याद-ए-मुकेश कार्यक्रम का आयोजन जितेन्द्र सिंह राजपूत की स्मृति में न्यू म्यूजिकल कराओके आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमार देवराज किशोर दास, कार्यक्रम अध्यक्ष सज्जाक खान अध्यक्ष जिला प्रेस क्लब ने महान गायक स्व. मुकेश की प्रतिमा पर गुलाल लगाकर माल्यार्पण कर उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम संचालन करते हुए प्रेरणा क्लब अध्यक्ष अशोक चन्द्राकार ने गायक मुकेश की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं गायन में चन्दन सा बदन गीत गाए, डी के नामदेव ने दुनिया से जाने वाले, राजकुमार वैष्णव ने तौबा ये मतवाली चाल, उदय चन्देल ने मैं पल दो पल का शायर, महेश वैष्णव ने डम-डम डिगा-डिगा, कमलेश यादव ने कभी कभी मेरे दिल में ख्याल, संजय यादव ने आ लौट के आजा मेरे मीत, हर्ष चन्द्राकार ने हे अपना दिल तो आवारा आदि बहुत सुंदर गीतों की प्रस्तुति से श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। लाल जे के वैष्णव ने कहा कि गीत संगीत बिना मानव जीवन अधूरा है। संगीत हमारे जीवन में मधुरता लाता है। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नीलम वैष्णव, महताब खान, मधुमंगल सिंह राजपूत, आदित्य देव वैष्णव अध्यक्ष जय जगन्नाथ सेवा, लल्ला मनोज वैष्णव, शरद डब्बू श्रीवास्तव, मोहन जंघेल, सुखदेव जंघेल, लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव, आलोक बक्शी, युगान्त यादव, संजय जैन सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

शराब पीने के लिये पैसा नहीं देने पर मारपीट करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी मोहित उर्फ मोन्टु है आदतन अपराधी

डोंगरगढ़ (दावा)। नशा की आदत और उस पर बेरोजगारी शहर के युवकों को अपराध करने मजबूर कर रही है। नशे के लिए पैसे की डिमांड पूर्ति नहीं करने वाले व्यक्ति के साथ आरोपी युवकों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। दिनांक 28 अगस्त को लगभग 6:45 बजे प्रार्थी दीपक ठाकुर पिता स्व. शत्रुहन सिंह ठाकुर उम्र- 50 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड नं. 16 डोंगरगढ़ का मछली खरीदने जेल रोड के पास गया था। उसी समय आरोपी मोहित उर्फ मोन्टु एवं उनके साथी इमरान खान के द्वारा प्रार्थी से शराब पीने के लिये पैसा का मांग करने लगे पैसा नहीं है कहने पर आरोपीगण द्वारा प्रार्थी का कालर पकड़कर शराब पीने के लिये पैसा नहीं दोगे तो जान से मार देंगे कहते हुये गंदी-गंदी गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का से मारपीट किये जिसकी रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरूद्ध धारा 296, 119(1), 151(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना दौरान आरोपी मोहित उर्फ मोन्टु मालेकर पिता राधेलाल मालेकर उम्र 30 साल साकिन मोचीपारा, वार्ड न0- 21, जेल रोड डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. को आज दिनांक 29.08.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में चोरी, नकबजनी, लूट, आर्म्स एक्ट, मारपीट एवं एनडीपीए एक्ट जैसे कुल 09 प्रकरण दर्ज है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि गणेश वर्मा एवं आरक्षक प्रयंश सिंह, चन्द्रप्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा है।

कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता समस्याओं के निदान के लिए सांसद से मिले

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पशुधन विकास विभाग मे कार्य आधारित मानदेय पर कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित गौ सेवक कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता और मैत्री संघ राजनांदगांव ने मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंटकर मांग पत्र सौंपा। जिला राजनांदगांव जिला अध्यक्ष पूनमचंद वर्मा और जिला उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से बताया कि आज पशुधन विकास विभाग का कार्य करते हुए 25 वर्ष हो गए हैं, किन्तु हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है तथा विभाग के कई कार्य हमारे द्वारा संपन्न कराए जाते हैं लेकिन मानदेय मिलने में भी लंबा समय लग जाता है, जिससे परिवार का पालन पोषण में दिक्कत आ रहा है। आज कई साथी लंबे समय सेवा देने के बाद निराश होकर अन्यत्र कार्य करने को मजबूर हो रहे हैं। संघ ने सांसद के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि हमारी कार्य आधारित से मिलने वाली राशि को तत्काल बंद कर एक सम्मानजनक निश्चित मासिक मानदेय दिया जाये। सांसद श्री पाण्डेय ने समस्याओं को सुनकर समाधान करने आश्वास्त किया, इस दौरान पूनमचंद वर्मा, धर्मेश साहू, ओमकार साहू, बरसन नेटी, दुर्गेश साहू आदि उपस्थित रहे।

शास. पूर्व माध्य. शाला चे.ब.नवागॉव से लगातार पॉचवें वर्ष प्रयास विद्यालय में चयन

राजनांदगांव (दावा)। जेवरतला रोड शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चे.ब.नवागॉव से सत्र 2023-24 में आठवीं उत्तीर्ण संजना साहू पिता श्रवण कुमार साहू का प्रयास विद्यालय कांकेर एवं रूचि साहू पिता खोमन लाल साहू का प्रयास विद्यालय बिलासपुर में चयन हुआ है। इसके पूर्व इस संस्था से शोभित कुमार, भूमिका मानकर, राकेश साहू, फलेश्वर कुमार, कात्यायनी साहू, डाली विश्वकर्मा का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। इस शाला से लगातार पॉच सत्रों में आठ बच्चों का चयन हुआ है। चयन होने पर इस संस्था के प्रधान पाठक कोमलचंद आर्य, शिक्षक गोमती पटेल, शिक्षक अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चन्द्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षक चैतन्य देवांगन, शिक्षिका चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर प्राचार्य निमिषा भूआर्य, सकुल समन्वयक प्रकाश जोशी शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण अंकालू राम पटेल, भूपेंद्र साहू, टिकाइत रावटे, केवल मानकर, श्रवण कुमार, नरेन्द्र शांडिल्य, चमेली साहू सरपंच चे.ब.नवागॉव सुनीता पटेल गणमान्य नागरिक घनश्याम हिरवानी, ढालसिंह हिरवानी, रैनूराम साहू, इतवारी राम यादव एवं ग्रामवासियों ने चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

पहला कॉलम...

भूकंप के तेज झटके से हिला अफगानिस्तान

काबुल। अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.7 मापी गई। अभी तक भूकंप से संबंधित किसी के हताहत होने या क्षति की कोई रिपोर्ट नहीं है।यह भूकंप 255 किमी. धरती की गहराई में दर्ज किया गया है। अफगानिस्तान के समय के हिसाब से भूकंप 11 बजकर 26 मिनट पर आया। इससे पहले 16 अगस्त को नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, शुक्रवार को अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 4.8 तीव्रता का भूकंप आया था। एनसीएस के मुताबिक, झटके शाम 6:35 बजे (आईएसटी) महसूस किए गए। तब भूकंप का केंद्र अक्षांश 37.09 उत्तर और देशांतर 71.17 पूर्व और 130 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

भूकंप किसी फाल्ट पर अचानक खिसकने से आता है। टेक्टोनिक प्लेटें हमेशा धीरे-धीरे चलती रहती हैं, लेकिन फ्रिक्शन के कारण वे अपने किनारों पर अटक जाती हैं। जब किनारों पर फ्रिक्शन हावी हो जाता है, तो भूकंप आता है और हमें महसूस होने वाले झटकों का कारण बनता है। अफगानिस्तान में साल 2023 में भी भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किए गए थे। तब भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई थी इस दौरान करीब 4 हजार लोगों की मौत हो गई थी। बता दें कि 9 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए थे। वहीं 13 हजार घरों को नुकसान पहुंचा था।

पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय खेल दिवस की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, राष्ट्रीय खेल दिवस पर बधाई। आज हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हैं। यह उन सभी लोगों को बधाई देने का अवसर है जो खेलों के प्रति जुनूनी हैं और जिन्होंने भारत के लिए खेला है। प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, हमारी सरकार खेलों को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अधिक से अधिक युवा खेल सकें और चमक सकें।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मेजर ध्यानचंद को नमन किया। लिखा, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं और समस्त देशवासियों को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की शुभकामनाएं देता हूँ। मेजर ध्यानचंद का जीवन इस बात का प्रतीक है कि अटूट लगन और अनवरत साधना से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने न सिर्फ भारतीय हॉकी को बुलंदियों पर पहुंचाया, बल्कि वे देश में खेलों के प्रति सकारात्मक चेतना की प्रेरणा भी बने। खेल जगत का यह दैदीप्यमान खिलाड़ी भावी पीढ़ियों को हमेशा दिशा दिखाता रहेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लिखा, समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।

स्पेन में मनाया गया पारंपरिक टोमाटीना उत्सव



स्पेन। स्पेन में अगस्त के आखिरी बुधवार को टोमाटिना फेस्टिवल मनाया गया। बुधवार को स्पेन की सड़कों पर लाल रंग में डूब गईं, क्योंकि यहां पारंपरिक टोमाटीना उत्सव मनाया गया, इस उत्सव में लोग एक दूसरे के ऊपर टमाटर फेंकते हैं और मौज मस्ती करते हैं। यह हर साल अगस्त के आखिरी बुधवार को होती है। यह त्यौहार 1945 में दोस्तों के बीच भोजन की लड़ाई के रूप में शुरू हुआ था और तब से एक प्रसिद्ध पर्यटक आकर्षण बन गया है।

शेयर बाजार : सेंसेक्स-निफ्टी में रही तेजी

नई दिल्ली। बजाज ट्विंस और रिलायंस के शेयर में शानदार तेजी की बदौलत भारी उतार चढ़ाव देखने के बाद भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ है. इससे पहले दिन के कारोबार में सेंसेक्स-निफ्टी ऑलटाइम हाई पर जा पहुंचा था. एफएमसीजी, एनर्जी और आईटी शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को सपोर्ट मिला है. आज बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 350 अंकों की उछाल के साथ 82,134 अंकों पर तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 99.60 अंकों की तेजी के साथ 25,152 अंकों पर बंद हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 स्टॉक्स तेजी के साथ तो 9 शेयर गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 29 स्टॉक्स तेजी के साथ, 20 गिरकर और एक शेयर फ्लैट बंद हुआ. रिलायंस ने निवेशकों को बोनस शेयर देने का एलान किया है जिसे लेकर 5 सितंबर को कंपनी के बोर्ड की बैठक होगी.

दिल्ली प्रीमियर लीग : साउथ दिल्ली स्टार्स ने 18 ओवर में ही दिल्ली किंग्स को किया ढेर

प्रियांश-आयुष की तूफानी पारियों ने लूटी महफिल

नई दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 का 18वां मैच साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स बनाम सेंट्रल दिल्ली किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने 122 रन से मैच जीत लिया।

मैच में टॉस जीतकर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने बैटिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 254 रन बनाए। टीम की तरफ से प्रियांश आर्य ने 42 गेंद पर 88 रन की पारी खेली। उनके अलावा आयुष बदोनी ने भी बल्ले से चमक बिखेरी। इसके जवाब में सेंट्रल दिल्ली किंग्स की टीम 17.4 ओवर में ही 132 रन बनाकर ढेर हो गई।

दरअसल, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। आयुष बडोनी की कप्तानी वाली सुपरस्टार्स की टीम ने 18वें मैच में सेंट्रल दिल्ली किंग्स को 122 रन से मात दी।

रनों के लिहाज से यह किसी भी टीम की लीग में सबसे बड़ी जीत है। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स टीम के ओपनर प्रियांश आर्य ने 42 गेंदों में 88 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 209 का रहा। सार्थक राय महज 3 रन बना सके। कप्तान आयुष बदोनी 32 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौके और पांच छक्के शामिल रहे। ध्रुव सिंह ने 22 गेंदों पर नाबाद 42 रन की पारी खेली। वहीं, 255 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने लगातार विकेट गंवाए। टीम के ओपनर ध्रुव कौशिक ने 18 रन बनाए, जबकि आर्यन राणा ने 16 रन का योगदान दिया.

महाराजा टी20 ट्रॉफी: करुण नायर के धुआंधार अर्धशतक से टीम को दिलाई विशाल जीत

नई दिल्ली। करुण नायर का महाराजा टी20 ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। मैसूर वॉरियर्स के कप्तान ने बुधवार को टूर्नामेंट में अपना चौथा अर्धशतक जमाया। उन्होंने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैंगलोर ड्रेगंस के खिलाफ 64 रन की उम्दा पारी खेली।

बता दें कि टूर्नामेंट के 27वें मैच में मैसूर वॉरियर्स की टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। मैसूर के ओपनर कार्तिक सीए (14) जल्दी डगआउट लौट गए। इसके बाद एसयू कार्तिक और कप्तान करुण नायर ने दूसरे विकेट के लिए केवल 57 गेंदों में 107 रन की शतकीय साझेदारी की।

नायर का मैच विजयी प्रदर्शन

कार्तिक ने 52 गेंदों में सात चौके और दो छक्के की मदद से 69 रन बनाए। वहीं, हुबली टाइगर्स के खिलाफ नाबाद 80 रन बनाने वाले करुण नायर ने एक बार फिर मैच विजयी पारी खेली। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 31 गेंदों में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन बनाए।

मैसूर वॉरियर्स ने मैंगलोर ड्रेगंस को आठ गेंदें शेष रहते हुए 6 विकेट से पटखनी दी। करुण नायर को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। करुण नायर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 10 पारियों में चार अर्धशतक और एक शतक की मदद से 490 रन बनाए।

पता हो कि करुण नायर ने मौजूदा टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी का दरवाजा खटखटा दिया है। 32 साल के करुण नायर ने अब तक छह टेस्ट और दो वनडे खेले हैं। नायर ने छह टेस्ट में एक तिहरे शतक की मदद से 374 रन बनाए हैं। वहीं, दो वनडे मैचों में नायर ने 46 रन बनाए हैं। कर्नाटक के बल्लेबाज को उम्मीद होगी कि लगातार धांसू प्रदर्शन का इनाम उन्हें राष्ट्रीय टीम में वापसी करके मिले।

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान टीम का एलान

नई दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट टीम इन दिनों पाकिस्तान के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 2 टैस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के पहले टेस्ट को बांग्लादेश ने 10 विकेट से जीता था। सीरीज का दूसरा टेस्ट 30 सितंबर से शुरू होगा।

रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले के लिए पाकिस्तान ने 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। खास बात यह है कि इस टीम में तेज गेंदबाज शाहीद शाह अफरीदी को जगह नहीं दी गई है। जबकि लेग स्पिनर अबरार अहमद को मैच के लिए वापस बुला लिया गया है।

इन प्लेयर्स को अंतिम 12 में मिली जगह

शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील, अबरार अहमद, मोहम्मद अली, आगा सलमान, सईम अयूब, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), अब्दुल्ला शफीक, नसीम शाह, खुर्रम शहजाद।

पाकिस्तान टीम

अब्दुल्ला शफीक, सईम अयूब, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), आगा सलमान, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अली, मीर हमजा, कामरान गुलाम, अबरार अहमद , सरफराज अहमद, मोहम्मद हुरैरा, आमेर जमाल।

भारत को कॉपी करो, पाकिस्तान की शर्मनाक हार पर पूर्व दिग्गज ने अपनी टीम को दी नसीहत

नई दिल्ली। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज खेली जा रही है। पहले मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 10 विकेट से रौंदकर इतिहास रचा और पहली बार टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान को हराने का कारनामा रचा। पाकिस्तान को मिली इस शर्मनाक हार के बाद टीम की चारों ओर आलोचनाएं हो रही हैं। प्रशंसकों और विशेषज्ञ दोनों पाकिस्तानी टीम को इस हार के लिए कोस रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को नसीहत दे डाली है।

बासित अली ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सलाह दी है कि वो भारत की नकल करें, तो यहां का क्रिकेट बेहतर हो सकता है। दलीप ट्रॉफी की तरह खिलाड़ियों को पूल बनाकर उन्हें टेस्ट मैच खेलने का मौका दिया जाना चाहिए। बासित अली ने बांग्लादेश टेस्ट के बाद पीसीबी की ओर से चैंपियंस लीग शुरू करने के फैसले पर भी नाराजगी जाहिर की। कहा, हमें टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि, पाकिस्तान के पास इस प्रारूप में क्रिकेटरों का एक मजबूत पूल नहीं है।

दिग्गज खिलाड़ी बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि पाकिस्तान ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमों के खेल रणनीतियों की नकल की है। लेकिन उन्हें भारत को देखना चाहिए और उनकी नकल करने का प्रयास करना चाहिए। बासित ने आगे कहा कि टेस्ट सीरीज के बाद अभी आईसीसी की चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी। हमें भारत की नकल करने का प्रयास करना चाहिए। भारत जो कर रहा है, उसकी नकल करने का फायदा मिलेगा। दलीप ट्रॉफी शुरू होने वाली है। क्या यह टी20 या वनडे टूर्नामेंट है? यह चार दिवसीय टेस्ट मैच है। वे अपना आधार मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसी वजह से भारत सफल हो रहा है। हमें भारत से सीखने की जरूरत है।

बासित अली पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 19 टेस्ट और 50 वनडे मैच खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 858 तो वनडे क्रिकेट में 1265 रन दर्ज हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 1993 से 1996 तक क्रिकेट खेला है।पहले मैच में मिली हार के बाद दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम की प्लेइंग-11 में बदलाव किया गया है। दूसरे टेस्ट मैच में शान मसूद (कप्तान), सउद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल, अबरार अहमद, अब्दुल्लाह शफीक, बाबर आजम, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सैम अय्यूब, सलमान अली आघा, सरफराज अहमद और शाहीन अफरीदी को जगह मिली है।

मैं भारतीय बैडमिंटन का विराट कोहली बनना चाहता हूं - लक्ष्य सेन

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की लोकप्रियता सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है. बल्कि दूसरे खेल के खिलाड़ी भी विराट को अपना आदर्श मानते हैं और अपने अपने खेल में उनके जैसी लोकप्रियता और सफलता पाना चाहते हैं. ओलंपिक 2024 में मेडल से चूकने वाले एक युवा खिलाड़ी ने भी ऐसी ही ख्वाहिश जारी की है.

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है. लक्ष्य ने इस इंटरव्यू में कहा कि, मैं आने वाले समय में भारतीय बैडमिंटन का विराट कोहली बनना चाहता हूं. उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है.मैं कुछ ऐसा अपने खेल में करना चाहता हूं. बता दें कि लक्ष्य ने हाल ही में ओलंपिक 2024 में भारतीय बैडमिंटन का प्रतिनिधित्व किया था. उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था लेकिन वे मेडल जीतने से चूक गए थे और चौथे स्थान पर रहे थे.

भारत में बैडमिंटन का क्रेज लगातार बढ़ रहा है. 2012 में लंदन में हुए ओलंपिक में सायना नेहवाल ने ब्रांज मेडल जीता था. 2016 में पीवी सिंधु ने सिल्वर मेडल जीता. इसके बाद टोक्यो में सिंधु ने कांस्य पदक जीता था. पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में भारत को कोई पदक नहीं मिला. सिंधु जहां बाहर हो गई वहीं लक्ष्य ब्रांज मेडल वाले मैच में बढ़त बनाने के बावजूद जीत हासिल नहीं कर पाए.

पेरिस में लक्ष्य से निराशा जरुर मिली है लेकिन ये खिलाड़ी सिर्फ 23 साल का है और मेहनती है. बैडमिंटन को जीने वाला है. इस वजह से हम उम्मीद कर सकते हैं कि 2028 में लांस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में लक्ष्य कमाल करेंगे और देश को मेडल दिलाएंगे. बता दें कि लक्ष्य ने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था. 2022 में बैंकॉक में हुए थॉमस कप में भी लक्ष्य गोल्ड जीत चुके हैं.

पेरिस पैरालंपिक: उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का जलवा

पेरिस। पेरिस में बुधवार देर रात पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह हुआ और इसी के साथ खेल इतिहास में एक रोमांचक अध्याय की शुरुआत हुई। इस बार विश्व के तमाम खिलाड़ी 22 खेलों के कुल 549 स्पर्धाओं में पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए नजर आएंगे।

बुधवार (28 अगस्त) को भारतीय समयानुसार रात 11:30 बजे पेरिस पैरालंपिक का उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। भारत के लिए इस गौरव के क्षण में पैरा-एथलीट सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव ने भारतीय दल का नेतृत्व किया, जो 12 विभिन्न खेलों में 84 एथलीटों के साथ देश के पैरालंपिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा दल है।टोक्यो 2020 पैरालंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित को ध्वजवाहक होने का सम्मान मिला, जो एक और शानदार प्रदर्शन के लिए देश की उम्मीदों का प्रतीक है। उनके साथ भाग्यश्री भी थीं, जिन्होंने चीन में एशियाई पैरा खेलों में शॉटपुट में रजत पदक जीता था, जो विभिन्न खेलों में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।इस साल भारत ने पैरालंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें अलग-अलग खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं, जो देश के बढ़ते पैरा-स्पोर्ट्स इकोसिस्टम का प्रमाण है।आयोजन में टीम का उत्साह और एकता साफ दिख रही थी। पूरे देश की उम्मीदें उन पर टिकी हुई हैं।

भारतीय एथलीट, अपने कंधों पर बड़ी उम्मीदों के साथ, वैश्विक मंच पर अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हैं।पेरिस 2024 पैरालंपिक में भारत की भागीदारी में न केवल खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि हुई है, बल्कि पदक की उम्मीदें भी बढ़ी हैं। देश का लक्ष्य टोक्यो में अपनी पिछली उपलब्धियों को पार करना है, जहां उन्होंने 19 पदक जीते थे।ओलंपिक में आमतौर पर अमेरिका और चीन के बीच पहले स्थान के लिए होड़ रहती है। पैरालंपिक में ऐसा नहीं है। पिछले कई एडिशंस से यहां चीन का दबदबा है।

प्रथम पेज का शेष

अब दुश्मनों की खैर नहीं,....

जबकि पारंपरिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों को नियमित अंतराल पर सतह पर आना पड़ता है। अचानक हुए हमले से बचने व जवाबी हमले करने की क्षमता के कारण एसएसबीएन प्रतिरोधक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दुश्मन के लिए इनको तलाश कर पाना भी कठिन होता है।अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों के पास लंबी दूरी की मिसाइलों वाली बड़ी एसएसबीएन हैं। उदाहरण के लिए चीन के पास छह जिन-क्लास एसएसबीएन हैं जो जेएल-3 मिसाइलों से लैस हैं।

इनका निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा- न मिसाइलों की मारक क्षमता 10 हजार किलोमीटर तक है। अमेरिका के पास 14 ओहियो-श्रेणी की एसएसबीएन हैं।दीर्घकालिक खरीद एवं क्षमता विकास रणनीति के तहत सरकार की योजना परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह की पनडुब्बियों के निर्माण की है। इसमें पांच अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बियां और छह परमाणु हमला करने में सक्षम पनडुब्बियां शामिल हैं। इनका निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति 6,000 टन की दो 'हंटर-किलर' एसएसएन (परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमलावर पनडुब्बियां) के निर्माण के लिए लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की परियोजना पर विचार कर रही है। ये टारपीडो, एंटी-शिप व लैंड-अटैक मिसाइलों से लैस होंगी। इनके निर्माण में एक दशक लगने की उम्मीद है।

ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने ...

शहीद पंकज विक्रम सम्मान से खगेश्वर साहू, रुपाली कश्यप- हॉकी, पायल सपहा- कुश्ती किया गया। वर्ष 2022-23 के लिए इन खिलाड़ियों को शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार बीरू बाघ- सॉफ्टबाल, रेशु साहू- फेंसिंग, कृति साहू- हैंडबाल, ईश्वरी निषाद- पैरा एथलेटिक्स दिया गया है। शहीद कौशल यादव पुरस्कार भावेश सारंग- वेट लिफ्टिंग, हिमांशु नेताम- फेंसिंग, गीतेश यादव- तिरंदाजी, डी कृति- बास्केटबॉल को सम्मानित किया गया। वी. जॉनसन सोलोमन को में फेंसिंग के लिए वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से नवाजा गया है। शहीद पंकज विक्रम सम्मान दिव्या भारती और सत्येंद्र यादव- कुश्ती, पवन दास और अनन्या दुबे- टेबल टेनिस, वर्षा सोनकर हॉकी, अंकिता पटेल- खो-खो, मेघा देशमुख- टेबल बॉल क्रिकट, रुद्राक्ष साहू तैराकी में पुरुष्कृत किया गया।

शहीद विनोद चौबे सम्मान पुरुराम और भिखुराम- एथलेटिक्स, विक्रम सिसोदिया- टेनिस शूटिंग, अरविन्द शर्मा- टेबल टेनिस, राजकुमार खाती- वेट लिफ्टिंग को सम्मानित किया गया।

शाह के सर्वे में टॉप पर रहने ...

गुरुवार सुबह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हरियाणा के सभी दिग्गज जुटे और एक-एक सीट पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। कृष्णपाल पंवार इसराना सीट से लड़ने को इच्छुक बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राज्य मंत्री राव इंद्रजीत और राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्रियों व मौजूदा सांसदों की बजाय राज्यसभा सदस्यों को विधानसभा चुनाव लड़वाने पर सहमति बनी। बैठक के बाद राज्यसभा सदस्य कृष्णलाल पंवार ने कहा भी कि वह पानीपत की इसराना विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं।

इसी तरह, भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मबीर को तोशाम अथवा सोहना विधानसभा सीट से चुनाव लड़वाया जा सकता है। मनोहर लाल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।भाजपा राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला को टोहाना से विस चुनाव लड़वाने की संभावना पर विचार कर रही है। राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा को गोहाना से उतारा जा सकता है।

पैनल में सभी 41 विधायकों के नाम- मुख्यमंत्री नायब सिंह की कैबिनेट के अधिकतर मंत्रियों को चुनावी रण में उतारा जाएगा, जबकि पैनल में सभी मौजूदा 41 विधायकों के नाम हैं, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सर्वे लिस्ट में उनके नाम टाप पर नहीं होने की स्थिति में टिकट बदले जा सकते हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत की दबाव की राजनीति से खुश नहीं है। राव इंद्रजीत बादशाहपुर और गुरुग्राम विधानसभा सीट अपने पास रखने की जिद पर अड़े हैं और बेटी आरती राव को टिकट देने अथवा नहीं देने का फैसला उन्होंने पार्टी पर छोड़ दिया है। दक्षिण हरियाणा में कई सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा को लग रहा है कि वह आसानी से जीत पाने की स्थिति में है, लेकिन राव इंद्रजीत इन सीटों पर अपनी पसंद के उम्मीदवारों को उतारना चाहते हैं।

इनमें रेवाड़ी सीट महत्वपूर्ण है, जहां पूर्व विधायक रणधीर कापड़ीवास अथवा उनके भतीजे मुकेश कापड़ीवास को चुनाव लड़वाना चाहती है, जबकि राव इंद्रजीत की पसंद सुनील मुसेपर की धर्मपत्नी मंजू मुसेपर है। सुनील मुसेपुर खुद कोसली से चुनाव लड़ना चाहते हैं। बावल, नारनौल, अटेली, पटौदी और सोहना सीटें भी राव इंद्रजीत अपने पास रखना चाहते हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी राव की सारे प्रस्ताव मानने की जल्दबाजी में नहीं है। भाजपा की पहली सूची में 29 उम्मीदवारों के नाम संभव- भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की अंतिम मुहर के बाद शुक्रवार को पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो सकती है। बताया जाता है कि भाजपा की पहली लिस्ट में 29 ऐसे उम्मीदवार होंगे, जिन पर पार्टी को जीत का पूरा भरोसा है। इस सूची में 2019 में विधानसभा चुनाव हारे मंत्रियों के नाम भी शामिल हो सकते हैं।

अडाणी फैमिली देश में सबसे अमीर...

एंड फैमिली इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। उनकी नेटवर्थ 2,89,800 करोड़ रुपये है। इसके बाद भारत के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के दिलीप शांघवी हैं। उनकी नेटवर्थ 2,49,900 करोड़ रुपये है। छठे स्थान पर 2,35,200 करोड़ रुपये नेटवर्थ के साथ आदित्य बिरला ग्रुप के कुमार मंगलम बिरला एंड फैमिली हैं। सातवें स्थान पर हिंदुजा ग्रुप के गोपीचंद हिंदुजा एंड फैमिली हैं। इनकी नेटवर्थ 1,92,700 करोड़ रुपये है। आठवें स्थान पर ऐवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकृष्ण दमानी एंड फैमिली हैं। इनकी नेटवर्थ 1,90,900 करोड़ रुपये है। नौवें स्थान पर 1,90,700 करोड़ रुपये नेटवर्थ के साथ विप्रो के अजीम प्रेमजी एंड फैमिली हैं। दसवें स्थान पर 1,62,800 करोड़ रुपये नेटवर्थ के साथ बजाज ऑटो के नीरज बजाज एंड फैमिली हैं।

0 भारत में सबसे युवा अरबपति- 2024 की हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में सबसे युवा 21 वर्षीय कैवल्य वोहरा हैं, जो 5 बिलियन डॉलर के क्रिक कॉमर्स स्टार्टअप जेप्टो के फाउंडर हैं। जेप्टो के को-फाउंडर 22 वर्षीय आदित पालिचा सूची में दूसरे सबसे युवा अरबपति हैं।

0 शाहरुख खान ने लिस्ट में किया डेब्यू- भारतीय फिल्म स्टार शाहरुख खान ने पहली बार हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में जगह बनाई है। मुख्य रूप से आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में उनकी हिस्सेदारी के बढ़ते मूल्य के कारण ऐसा हुआ है। मनोरंजन उद्योग के हुरुन इंडिया रिच लिस्टर्स ने केवल एक वर्ष में 40,500 करोड़ रुपये जोड़े, जिसमें सात नए प्रवेशकर्ता शामिल हैं।

राहुल गांधी को मिले थे ...

कर्नाटक के गुलबर्गा से राधाकृष्ण और पंजाब के श्री आनंदपुर साहिब से विजय इंदर सिंगला को भी पार्टी की ओर से 70-70 लाख रुपये का फंड मिला था। वहीं कांग्रेस नेता आनंद शर्मा और दिग्विजय सिंह को 46 लाख और 50 लाख रुपये मिले थे। बता दें कि लोकसभा चुनाव में इन दोनों नेताओं को हार मिली थी। एक सीमा तक खर्च कर सकते है प्रत्याशी- बता दें कि चुनाव में एक सीमा तक प्रत्याशी रुपये खर्च कर सकता है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी 95 लाख रुपये और विधानसभा चुनाव में 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है।

नहीं होगा युक्तियुक्तकरण....

शिक्षकों के एकतरफा विरोध के चलते चुनाव में पासा पलट सकता था। ऐसे में सरकार ने फिलहाल इसकी प्रक्रिया स्थगित कर दी है। अफसरों ने की मामले पुष्टि - राज्य सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि युद्ध स्तर पर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी. लेकिन ?िलहाल अब इस पर रोक लगा दी गई है। अफसरों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण कार्य में लगे अधिकारियों को इसकी सूचना आज भेज दी गई। दो कलेक्टरों ने भी कंफर्म किया है कि, युक्तियुक्तकरण फिलहाल नहीं किया जाएगा।

पीएम मोदी आज मुंबई में ...

शामिल लोगों के लिए स्थायी आजीविका बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। इस दौरान प्रधानमंत्री मछली पकड़ने के केंद्रों के विकास, उन्नयन और आधुनिकीकरण तथा मछली बाजारों के निर्माण सहित महत्वपूर्ण मत्स्य पालन बुनियादी ढांचे परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

खेल प्रेमियों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई मेजर ध्यानचंद की जयंती

राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव तथा समस्त खेल संघ के संयुक्त तत्वधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती खेल दिवस के रूप में नगर के खेल प्रेमियों द्वारा द्वारा उतसाहपूर्वक मनाई गई इस अवसर पर सुबह 7:00 बजे अन्तरस्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से समस्त खेल से जुड़े खिलाड़ियों द्वारा रैली निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होती हुई गौरव पथ स्थित मेजर ध्यानचंद स्मारक पहुंची वहां पर मेजर ध्यानचंद, एरमन बेस्टियन, (ओलंपियन) एवं आर.एन. पटेल, कि प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात रैली वापस अन्तरस्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पहुचची वंहा पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी सभा छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मुख्यआतिथ्य तथा जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, वरिष्ठ हॉकी कोच भूषण सॉव, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ हॉकी के कोषाध्यक्ष सुश्री आशा थॉमस, के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

अतिथि फिरोज अंसारी ने अपने उच्बोधन में कहा कि कई जो बच्चे आज इस खेल से जुड़े है वो अपने जीवन मे एक लक्ष्य बना कर खेले जिससे कि वह अपने शहर का नाम पूरे देश मे रौशन करेंगे उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी को आदर्श मानकर खेल भावना से खेले तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी नर्सरी का नाम रौशन करे। श्री अंसारी ने कहा कि आज दादा के कारण राजनांदगांव को हॉकी नर्सरी कहा जाता हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी का आगमन सन 1971 में राजनांदगांव की धरती पर हुआ था। हॉकी की नर्सरी की उपाधि राजनांदगांव के मेजर ध्यानचंद जी द्वारा दी गई थी तथा उनको नगर भृमण कराया गया था जंहा उन्हें राजनांदगांव के हर गली में हॉकी खेलते बच्चे को देखा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हॉकी कोच भूषण सॉव ने दादा ध्यानचंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि दादा की खेल कौशल की बदौलत भारत को ओलंपिक में 4 गोल्ड प्राप्त हुए थे। तथा वर्तमान में भी इंडिया टीम के खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के बदौलत लगातर दूसरी बार कांस्य पदक प्राप्त कर रहे है यह बहुत ही खुशी की बात है मैं उन्हें इस मंच के माध्यम से बधाई देता हूं साथ ही आने वाले समय मे इंडिया के लिए गोल्ड मैडल लाये ऐसा शुभकामनाएं देता हूं।

संगोष्ठी सभा पश्चचात बालक वर्ग का प्रदर्शन मैच राजनांदगांव ग्रीन विरुद्ध राजनांदगांव रेड के मध्य खेला गया जिसमें राजनांदगांव ग्रीन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2-1 गोल से जीत हासिल की। इस अवसर पर हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव,प्रिन्स भाटिया (सचिव जिला हैंडबाल संघ), अब्दुल कादिर (खेल प्रकोष्ठ), राजू रंगारी, छोटे रामटेके, साई के कोच अमित माथुर, किशोर धीवर, तुलसी सिन्हा, चंदन सिंह, भागवत यादव, दुर्गेश, महेंद्र सिंह ठाकुर, विजय साहू, आशीष सिन्हा, मनीष यादव, सुंदर काका, सब्बीर हैदरी, अशोक नागवंशी, सुनील निषाद, दिलीप रावत, जावेद खान, शकील अहमद, खेमराज सिन्हा, राजेश निर्मलकर, संदीप यादव, जिम्मी साहू, सुखदेव निर्मलकर, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा में शामिल हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत हर्ष एवं उत्साह से मनाया गया।

सर्व यादव समाज के संयुक्त बैनर तले भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी पर शोभायात्रा का धूमधाम से आयोजन किया। इस शोभायात्रा में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा भी शामिल हुए और लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए नजर आए। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शोभायात्रा में नगर के गणमान्य नागरिकगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और जन्माष्टमी पर्व को लेकर सभी समाज के लोगों में विशेष हर्षोल्लास नजर आया। शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरने वाली श्री कृष्ण भगवान की शोभायात्रा में बालकृष्ण के रूप में कई बालक भगवान कृष्ण की जीवन लीलाओं की झलकियां प्रस्तुत करते रहे जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस वर्ष महाकाल पालकी यात्रा के तर्ज पर प्रभु श्री कृष्ण पालकी यात्रा का आयोजन भी लोगों के लिए भक्ति आस्था एवं आकर्षण का केंद्र रहा। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने सर्व यादव समाज के बैनर तले झेरिया, कोसरिया एवं ठेठवार यादव समाज के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित शोभायात्रा को सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए इसे अन्य समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया है।

ग्राम सलोनी के मनमोहना गोविंदा टोली ने लूटा दही हांडी

डोंगरगढ़(दावा)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ग्राम सेंदरी ठाकुरटोला के निवासियों ने गोविंदा उत्सव का कार्यक्रम 26 अगस्त को ही रखा था। ग्राम के साथ-साथ आसपास के करीब 10 गॉव के लोग गोविंदा देखने पुहंचे। इस कार्यक्रम में भाग लेने, ग्राम मुरमुन्दा की टीम, ग्राम अंडी की टीम ग्राम घोटिया (तोतलभर्री) की टीम एवं ग्राम सलोनी के मनमोहना गोविंदा ग्रुप गोविंदा लूटने पहुंची थी।

गोविंद उत्सव के अवसर पर बड़े क्रेन में दही हांडी के साथ रखी विभिन्न सामग्री को लूटने का अवसर सभी टोलियों को प्राप्त होता गया। अंत में मनमोहना ग्रुप सलोनी की टोली ने क्रेन में बंधी गई दही हांडी के साथ हजारों रुपए के इनामी सामग्री को लुट कर दर्शकों का मन मोह लिया। विजेता टीम के सदस्य भूपेंद्रदास वैष्णव ने बताया कि हमारी टोली जन्माष्टमी से 15 दिन पूर्व लगातार ट्रेनिग करती हैं उसी के बदौलत हम गोविंदा उत्सव में लगातार जीत प्राप्त करते है पर हम लोग का उद्देश्य मात्र जीत हासिल करना नहीं है हमारा लक्ष्य सनातन धर्म, हिन्दू संस्कृति को विश्व धरोहर बनाना है।

पति के खिलाफ मारपीट की शिकायत, मामला दर्ज

डोंगरगढ़(दावा)। प्रेम विवाह के पश्चात अंतरजातीय विवाह करने वाली प्रार्थियां ने अपने पति के खिलाफ पुलिस में मारपीट की शिकायत दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया है। जिस पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थियां ज्योति साहू पिता खेम प्रसाद साहू उम्र 25 साल ने पुलिस को बताया कि वह डोंगरगढ़-खैरागढ़ रोड स्थित पेट्रा निवास के सामने की निवासी है। उसका निकाह 7 अप्रेल 2024 को डोंगरगांव में मुजाहिद खान पिता कय्युम खान उम्र 25 वर्ष निवासी खुंटापारा डोंगरगढ़ के साथ हुआ था। वह राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के पास किराये का मकान में पति मुजाहिद खान के साथ रह रही थी।

दिनांक 21 अगस्त के रात्रि करीबन 8 बजे मेरे पति मुजाहिद खान ने किराये के मकान राजनांदगांव में घर के अंदर पुरानी बातों को लेकर गंदी-गंदी मां-बहन की गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया।

मारपीट करने से मेरे मुंह ऊपर दांत के अन्दर वाले हिस्से में दर्द हो रहा है। गाली गलौज करने से सुनने में मुझे बुरा लगा है जान से मारने की धमकी देने से मैं भयभीत हूं। मै अपने पति के खिलाफ कार्यवाही थाना प्रभारी से चाहती हूं। घटना के बारे में जब मैंने अपने भाई और पिता को बताया तो उनको भी जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आवेदन पत्र के अवलोकन पर अपराध धारा -296, 115(2), 351(2) बीएनएस अपराध का घटित होना पाये जाने से मुजाहिद खान पिता कय्युम खान उम्र 25 वर्ष निवासी खुंटापारा डोंगरगढ़ के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कलेक्टर ने ग्राम नागतराई में राजस्व शिविर एवं ग्राम सभा का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय द्वारा आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम नागतराई में आयोजित राजस्व शिविर एवं ग्राम सभा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के नक्शों का अवलोकन किया। उन्होंने वहां लौकी की फसल लगाने वाले किसान को प्रोत्साहित किया। किसान ने 75 डिसमिल में लौकी की फसल लगाई है तथा 45 दिन में उनकों 1 लाख 50 हजार रूपए की आय हुई है।

शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। शराब पीने के लिए पैसा मांगने पर युवक द्वारा मना करने से युवक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। 27 वर्षीय लोकेश यादव पुलिस को बताया कि, वह रोजी मजदूरी का काम करता है। दिनांक 27 अगस्त 2024 को हमारे मोहल्ला बधियाटोला में दही लूट कार्यक्रम था।

गगन किराना स्टोर्स के सामने बच्चे लोग दही लूट का कार्यक्रम कर रहे थे। दोपहर लगभग 4 बजे सचिन, शंकर बिहारी व आयुष तीनो साई रोहित राव को शराब पीने के लिये पैसा मांगे व बताया कि उसके पास पैसा नहीं है इसी बात पर से तीनो पैसा दे कहकर मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे व तीनों मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दिये और इसी समय आयुष अपने हाथ ब्लेड पकड़ा था जो साई रोहित राव के गला के पास मार दिया और मुझे बांये कमर में मार दिया, जिससे चोंट लगकर खून निकला है। तब प्रदीप यादव, मोनू यादव तथा मोहल्ले के अन्य लोग बीच बचाव किये है।

भगवानटोला में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर में कई मरीज लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच राजनांदगांव द्वारा संचालित एम एम यू टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भगवान टोला में 26 अगस्त को विशेष स्वास्थ्य शिविर अस्थि रोग निवारण एवं जनरल जांच को लेकर शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें आसपास के 8 गांव के 412 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की गई एसबीआई संजीवनी के जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बताया कि गांव के लोगों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में भगवान टोला के सरपंच महेंद्र कुमार पंचभये एवं पंचायत के पदाधिकारी एवं मितानिन सहयोग किया एवं एसबीआई संजीवनी टीम से डॉ. एल साहू, डॉ.प्रवेश, डॉ वर्षा पाटले, योगेश चौहान जिला समन्वयक, लैब टेक्नीशियन आशीष साहू, फार्मासिस्ट मनोज कश्यप, स्टाफ नर्स दीपिका जोशी एवं एम.एम.यू.पायलट लिखिल सहारे ने अपना सहयोग प्रदान किया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

कोका-कोला कंपनी के सेल्समैन द्वारा दुकानदार से दुर्व्यवहार व मारपीट

डोंगरगढ़ (दावा)। कोका-कोला कंपनी के सेल्समैन द्वारा रेलवे चौक में दूध डेयरी के व्यवसायी से दुर्व्यवहार करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी अंशुल अग्रवाल पिता स्व0 हनुमान प्रसाद अग्रवाल उम्र 30 साल निवासी पटेल वार्ड 17 द्वारा सेल्समैन के खिलाफ पुलिस में की गई शिकायत में कहा गया है कि, वह बिंदल दुध डेयरी रेल्वे चौक का संचालक है। दिनांक 26/08/24 के लगभग 08/00 बजे सुखमीत सिंग भाटिया निवासी डोंगरगढ का जो कोका-कोला कंपनी का सेल्समेन है, द्वारा मेरे साथ दुकान के अंदर आकर दुर्व्यवहार किया गया एवं मारपीट किया गया।

सेल्समैन के माध्यम से कंपनी द्वारा मुझे फ्रिज दिया गया है। जिसमें कंपनी का प्रोडक्ट एवं अन्य सामान रखा था, सुखमीत सिंग भाटिया ने मुझे फ्रिज में केवल कंपनी का ही सामान रखना है कहकर फ्रिज को दुकान से बाहर फेंकने की धमकी दिया। तब मैं उसे कहा कि आप अपने कंपनी का फ्रिज कल वापस ले जाइये एवं फारमेल्टी वापस कर दिजिये। बोलने पर मुझे मां-बहन की गाली गलौज करते हुये आज तुझे देख लूंगा जान से मार दूंगा कहकर धमकी देते हुये मेरे गला को जोर से पकड़ लिया। जिससे मेरे गला में दर्द हो रहा है। उसके द्वारा दिया गया मां बहन की अश्लील गाली सुनने में मुझे बहुत ही बुरा लगा। घटना को कैलास ढाकने, अशोक तिवारी एवं आसपास के लोग देखे एवं सूने है। जान से मारने की धमकी दिया है जिससे मैं भयभीत हूं, कार्यवाही चाहता हूं। आवेदन पत्र के अवलोकन पर अपराध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस अपराध का घटित होना पाये जाने से सुखमित सिंग भाटिया निवासी गुरूद्वारा के पास डोंगरगढ के विरूद्ध अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

चिचोला पुलिस ने की अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। अवैध शराब पर चल रही बिक्री पर प्रतिबंध लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई में पुलिस द्वारा 16 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी को पकड़ा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री रोकने की मुहीम पर 26 अगस्त को पुलिस चौकी चिचोला के सउनि एपी. शीला, आरक्षक विष्णुराम साहू को मुखबीर से सूचना मिला कि राजाराम आगवानी नाम का दाउ जी ढाबा के आगे ग्राम जनकपुर जी.ई.रोड पर अवैध रूप शराब बिक्री कर रहा है। जिसे चारो तरफ से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

आरोपी ने अपना नाम राजाराम आगवानी पिता सुन्दरलाल आगवानी उम्र 35 साल निवासी टाटीबंध एम्स के सामने, रायपुर के कब्जे से 16 पौवा देशी प्लेन रोमियो शराब के साथ पकड़ा गया।आरोपी के विरूद्व धारा- 34 (1) आबकारी एक्ट का पाये जाने से मौके पर आरोपी को गिरफतार किया जुर्म जमानतीय होने से सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

सामुदायिक सहभागिता से टोलागांव के पालकों ने बच्चों को दिलाया ड्रेस कोड

अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला टोलागांव में पदस्थ प्रधान पाठक भजन लाल साहू के मार्गदर्शन में सामुदायिक सहभागिता से पालकों ने बच्चों को दिलाया नई ड्रेस कोड ये वही शिक्षक है जिनके द्वारा अपने सर्वप्रथम स्कूल प्राथमिक शाला तरियापारा में भी उक्त पहल कर सामुदायिक सहभागिता से 12वर्ष पूर्व बच्चों को ड्रेस कोड दिलाया गया था जो आज भी अनवरत जारी है।

उक्त नवाचार को देखते हुए तारियापारा के आसपास के स्कूलों में भी उक्त पहल को अपनाया गया। नई ड्रेस कोड से बच्चों व पालकों में प्राइवेट स्कूल की ओर रुझान व ललक को खत्म किया जिससे आज शासकीय शालाओं में दर्ज संख्या में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हुई। 12 वर्ष पूर्व संकुल मेटेपार कौडिकसा में ड्रेस कोड को लागू करने में पहला स्कूल बना और आज वर्तमान संकुल बांधा बाजार 1 में भी प्रथम रहा।

उक्त शिक्षक के कार्यो को शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण, समस्त पालकों, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक बांधाबाजार 1 एवं समस्त ग्रामवासी ने सराहना की।

सामुदायिक सहभागिता से बदल रही सिरलगढ़ स्कूल की तस्वीर..

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। शा. प्राथमिक शाला सिरलगढ़ संकुल बुटाकसा, विकासखंड अम्बागढ़ चौकी सामुदायिक सहभागिता का मिसाल बन चुका है। विगत 2 वर्षो से सिरलगढ़ भवन विहीन विद्यालय के नाम से जाना जाता था।

गांव समाज एवं पालकगण विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए कर रहे है सहयोग

प्रतियोगिता परीक्षा नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, जवाहर उत्कर्ष, आदर्श विद्यालयों बच्चों का चयनित होने लगा जिसके पालक एवं समाज के लोग विद्यायल को बेहतर बनाने के लिए सहयोग के लिए आगे आने लगे। सबसे पहले छात्र-छात्राओं के लिए नए गणवेश बनाये, बैग, बोतल, जूता, टाई, बेल्ट बनाए। नीलकंठ कोमरे सहायक शिक्षक की सोच है की वनांचल के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए अतिरिक्त समय देकर बच्चों को तैयारियां चालू किए जिसका परिणाम है लोग विद्यायल के लिए खुल सहयोग करने लगे।

अब जबकि विद्यालय बन चुका है, भौतिक संसाधन जुटाने के लिए सर्वप्रथम प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार देवांगन एवं सहायक शिक्षक नीलकंठ कोमरे द्वारा स्वयं के व्यय पर आलमारी खरीद कर शाला प्रबंधन समिति, पालकों व ग्राम वासियों को प्रेरित किया। परिणाम स्वरूप श्रीमती बिमला कुमेटी ने 4×6 साइज का 02 ग्रीन - व्हाइट बोर्ड, एक पुस्तकालय आलमारी व एक ऑफिस टेबल दान किया। नरबद सिंह कुमेटी ने 4×6 साइज का 02 ग्रीन व्हाइट बॉर्डर दान किया। वीरेंद्र कुमार सिन्हा ने पूजा रैक वह गिरधर चंद्रवंशी ने खुली अलमारी विद्यालय विकास के लिए दान किया है। चुन्नू लाल चंद्रवंशी ने 500 का एक दीवाल घड़ी विद्यालय के विकास के लिए दान किया है। समाज मे परिवर्तन करना है कुछ नए-नए प्रयोग से विद्यालय को बेहतर बनाया जा सकता शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ सामुदायिक सहभागिता के लिए मिशाल है।

'नीरज विद्या मंदिर की छात्रा रुचि राज्य खेल स्पर्धा में'

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई) मोहड़ की छात्रा राज्य खेल स्पर्धा के लिए चयनित हुई है।

कक्षा-ग्यारहवीं विज्ञान में अध्ययनरत् रूचि साहू पिता राजेन्द्र कुमार साहू आगामी दिनों में अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल (अंडर -17) में संस्था का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह स्पर्धा 30 अगस्त को आयोजित है। इसके पूर्व उक्त छात्रा ने जोन लेवल में आयोजित स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

एकलव्य आवासीय विद्यालय हेतु आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं में रिक्त सीटों पर भर्ती के लिए 5 सितम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। विभिन्न कक्षाओं में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि व विद्यालयीन समयावधि तक कार्यालय प्राचार्य एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

भारतीय सेवा में पदस्थ जवानों ने जोंधरा में खेल मैदान के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत जोंधरा में बच्चों एवं युवाओं में खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेवा में पदस्थ जोंधरा निवासी जवानों ने 26 अगस्त को खज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू के निवास में पहुंचकर ज्ञापन सौपा। विदित हो ग्राम पंचायत जोंधरा की आबादी आश्रित ग्राम मोहगांव को मिलाकर करीब 3500 के करीब है, पर आज पर्यंत ग्राम जोंधरा में खेल मैदान का निर्माण नहीं हो पाया है।

भारतीय सेवा में पदस्थ जोंधरा निवासी सोहन साहू ने प्रतिनिधि को बताया कि पूरे राजनांदगांव जिलों में ग्रामों के हिसाब से भारतीय सेवा में जोंधरा के युवा ही शामिल हैं जिनकी संख्या करीब 25 है। यह सभी युवाओं को अपना कैरियर निर्माण के लिए 3 किलोमीटर दूर ग्राम बड़भूम के मैदान में जाकर प्रेक्टिस करना पड़ता है।

आज भी जोंधरा में बहुत सारे युवक एवं युवतियां अपने कैरियर निर्माण के लिए प्रयासरत हैं, पर ग्राम जोंधरा में किसी भी तरह का कोई खेल मैदान नहीं होने के कारण यह अपना प्रेक्टिस नहीं कर पाते हैं फिर युवतियों को अन्यत्र ग्राम के मैदान में जाकर प्रेक्टिस करना तो और भी पीड़ादायक है। युवाओं ने विधायक से मांग की है कि वह जोंधरा में खेल मैदान निर्माण के लिए आगामी बजट में राशि अवश्य ही स्वीकृत करवाये ताकि जोंधरा ग्राम में सेना के साथ-साथ अन्य खेलों में भी प्रतिभा निखर और बिखर सके। ज्ञापन सौपते समय मुख्य रूप से सोहन साहू, वीरेंद्र ऊके, नरेंद्र ऊके, असमान खान, जयंत पटौदी, ईश्वरलाल चंद्रवंशी भुवनेश्वर कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

विधायक भोलाराम ने दिया आश्वासन

क्षेत्र के तीन बार के विधायक भोलाराम साहू ने जवानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह अपना पूरा प्रयास करेंगे कि जोंधरा में खेल मैदान का निर्माण हो सके।

वेतन व भविष्य निधि नहीं मिलने से प्लेसमेंट कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, निगम में बोला धावा

छत्तीसगढ़ महतारी के सामने किया धरना प्रदर्शन... लगाए गए नारे

राजनांदगांव (दावा)। बीते चार महिने से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित प्लेसमेंट कर्मचारियों ने हड़ताल कर गुरूवार 29 अगस्त को नगर निगम में धावा बोला और छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन कर तथा नारे बुलंद करते हुए वेतन व भविष्य निधि की मांग की।

कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन के दौरान इंकलाब जिन्दाबाद के व हमारी मांगे पूरी करो, वेतन देना होगा के नारे लगाए। वही निगम आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें आप बीती सुनाई। बता दे कि नगर निगम में प्लेसमेंट के तहत ठेके में लगभग 70 से अधिक जल-विभाग व विद्युत विभाग के कर्मचारी काम करते है। उन्हें बीते चार महिने से तनख्वाह ही नहीं मिला है। प्लेसमेंट कर्मचारी सेवक राम साहू ने बताया कि उन्हें बीते 4 महिने से तनख्वाह नहीं मिली है। जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन नहीं मिलने से उन्हें न केवल घर चलाना मुश्किल जा रहा है, बाजार से उधार लिए गए पैसों को चुकाना भी परेशानी भरा हो गया है। प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बताया कि घर में किसी की तबीयत खराब हो जाने पर इलाज कराने के लिए

पैसा नहीं है। बच्चों को स्कूल फीस से लेकर उनके गणवेश व कापी-पुस्तके खरीदने के लिए पैसे नहीं है। पैसों के अभाव में उन्हें दूसरो के पास हाथ फैलानी पड़ रही है।

18 महिने से ईपीएफ नहीं नगर निगम के जल विभाग व विद्युत विभाग में काम करने वाले छह दर्जन के करीब कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें 18 महिने से भविष्य निधि की राशि प्राप्त नहीं हुई है। उनके ठेकेदार वैभव कोचर ने इपीएफ की राशि विगत 18 महिने से उनके खातों में जमा नहीं की है। कर्मचारियों ने बताया कि खाते में भविष्य निधि का पैसा जमा रहने से किसी भी आपात काल के समय राशि निकाल कर खर्च किया जा सकता है।

उक्त राशि तकलीफ के समय काम आती है। बीते 18 महिने का इपीएफ व चार महिने से वेतन नहीं मिलने से उन्हें घर-परिवार चलाना मुश्किल जा रहा है। समय पर वेतन नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कर्ज लेकर घर चलाना पड़ रहा है। निश्चित समय के कर्जा नहीं पटाने से लोग उनके घर तक तगादा करने चले आ रहे है। कर्मचारियों ने बताया कि उनके ठेकेदार वैभव कोचर ने वेतन की राशि सहित इपीएफ की राशि रोक रखी है। कर्मचारियों ने ठेकेदार से उक्त राशि दिलाए जाने की मांग की है।

> प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी समस्या बताई। उनका ईपीएफ जमा नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर ठेकेदार को नोटिस दिया जा रहा है।
>
> **– अभिषेक गुप्ता, 'आयुक्त' नगर पालिक निगम राजनांदगांव।**

लाठीचार्ज के विरोध में उतरे कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता, सीएम साय और गृहमंत्री का फूंका पुतला

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज तथा 150 से अधिक कांग्रेसजन पर एफआईआर के विरोध में आज राजनांदगांव जिला मुख्यालय में कांग्रेसजनों ने जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका।

प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर शहर ग्रामीण कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

भिलाई में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दमनपूर्वक लाठी चार्ज किए जाने तथा 150 से अधिक कांग्रेसजनों के ऊपर एफआईआर किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज 29 अगस्त को स्थानीय जयस्तंभ चौक,मानव मंदिर चौक में शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेसजनों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार विगत आठ माह में अपनी विफलताओं का ठीकरा विपक्ष के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फोड़ रही है, इन 8 महीनो में राज्य की भाजपा सरकार ने लोकहित के कुछ कार्य नहीं किए हैं केवल भ्रष्टाचार और महंगाई में डूबी हुई सरकार है, गौवंश रास्ते में खुले घूम रहे हैं, सड़क दुर्घटनाओं में उनकी मृत्यु हो रही है ,यह साय सरकार अपने वादे निभाने में फेल है, राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है, हर रोज हत्या, बलात्कार, डकैती लगातार बढ़ रहे हैं, छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। हमारे युवा विधायक देवेंद्र यादव को एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया, यह निंदनीय है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतुबुद्दीन सोलंकी, पदम कोठारी, रमेश डाकलिया, मेहुल मारू, थानेश्वर पाटीला, अंजुम अल्वी, शारदा तिवारी, डॉ.आफताब आलम, पंकज बांधव, मोती साहू, हरिनारायण धकेता, महेंद्र यादव, हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, नरेश शर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, घनश्याम देवांगन, अशोक फडणवीस बबलू कसार, मनीष गौतम, अमित खंडेलवाल, गुरभेज माखीजा, महेश अग्रवाल, प्रज्ञा गुप्ता, मोहनी सिन्हा, सुनीता सिन्हा, रीना पटेल, ललिता साहू, राकेश कुमार, शैलेश ठावरे नीरज कन्नोजे अभिमन्यु मिश्रा जितेश सिमनकर, अमीन हुददा, सिद्धार्थ डोंगरे, महेश साहू, पूर्णिमा नागदेवे, खैरुन्निशा, सुनील रामटेके, भागचंद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन इस पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक फेरबदल, 4 आईएएस को मिली नई पोस्टिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने कल देर शाम चार आईएएस अधिकारियों को नई पोस्टिंग देने का आदेश जारी किया था। लेकिन महज तीन घंटे में ही सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ गया। रात 11 बजे उसमें एक महत्वपूर्ण संशोधन कर उन्हें रायपुर बुला लिया गया। जीएडी ने कल रात करीब आठ बजे चार आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर आदेश जारी किया था। लेकिन बाद में आंशिक त्रुटि का हवाला देते हुए जनक प्रसाद पाठक को वापिस रायपुर बुला लिया गया। उनकी जगह रायपुर कमिश्नर महादेव कांवरे को बिलासपुर संभाग आयुक्त का एडिशनल चार्ज दिया है।

तेज आवाज में डीजे बजाने वाले पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

डीआई वाहन व साउंड सिस्टम किया गया जब्त, डीजे संचालकों में दहशत

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों पर्वों व त्यौहारों का सिलसिला बना हुआ। पूजा-आराधना हेतु देव प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। उक्त आयोजनों को धूमधाम से मनाने के लिए ध्वनि विस्तार यंत्र डीजे आदि का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। शहर के वार्ड-मुहल्लों में आयोजित इन कार्यक्रमों में तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर पुलिस की टेढ़ी नजर बनी हुई है ,व शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। कोतवाली पुलिस ने शहर के लखोली क्षेत्र में तेज व कानफोडू आवाज में बजा रहे डीजे मालिक पर कार्रवाई की है और डीजे संचालक का डीजे बजाने में उपयोग में आने वाले डीआई वाहन सहित साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया गया है। उक्त डीजे साउंड सिस्टम व डीआई वाहन जंगलपुर का बताया जाता है।

लखोली में डीजे बजाने वाले पर हुई कार्रवाई

डीजे की कनफोडू आवाज

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 अगस्त को रात्रि में लखोली रहवासियों द्वारा मोबाईल से सूचना दिया गया कि लखोली गौठान के पास डीजे संचालक घनश्याम साहू पिता नरेन्द्र साहू उम्र 26 वर्ष निवासी सरस्वती मंच के पास जंगलपुर थाना लालबाग द्वारा अपने डीआई 207 वाहन क्रमांक सी.जी.-04 एम.क्यु-0609 में डी.जे. साउड सिस्टम बिना अनुमति के काफी तेज आवाज में बजाया जा रहा है। जिससे आसपास के रहवासियों को काफी परेशानी हो रही है।

उक्त सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तस्दीक किया जो डी.जे. संचालक द्वारा निर्धारित समय सीमा के बाद जिला प्रशासन के बिना अनुमति के देर रात्रि तक डी.जे. साउण्ड सिस्टम को काफी तेज आवाज में बजाना पाया गया इससे मौके पर कब्जे से वाहन डीआई 207 क्रमांक सी.जी.-04 एम.क्यु-0609 मय डी.जे. साउण्ड सिस्टम के जप्त कर डी.जे. संचालक के खिलाफ छ.ग. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4, 15 के तहत कार्यवाही की गई।

आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

लखोली में डीजे संचालक पर की गई उपरोक्त कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू, उप निरीक्षक रतन सिंह नेताम एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। इस कार्रवाई के साथ पुलिस ने डीजे संचालकों को चेता दिया है कि आगामी तीज त्यौहारों, श्रीगणेश उत्सव आदि में नियम का उल्लघंन करते पाए जाने पर इसी तरह की आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से डीजे संचालकों में दहशत कायम हो गया है।

कमला कॉलेज चौक दही लूट में उमड़ा जनसैलाब

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अवतार कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में 28 अगस्त को कमला कालेज चौक में भव्य दही हांडी लूट का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि यह आयोजन का 14वा वर्ष था। कार्यक्रम में महाराष्ट्र गोंदिया, रायपुर, दुर्ग सहित अंचल की कई टोलीयो ने भाग लिया। काफी मशक्कत और 3 घंटे बाद मनमोहना ग्रुप सलोनी डोंगरगढ़ की टोली द्वारा दही हांडी लूट लिया गया। विजेता टीम को पुरस्कार राशि के रूप में 71000/- दिया गया।

मुम्बई की तर्ज पर हाईटेक मशीनरी का उपयोग कर हाईड्रा मशीन पर मटकी लटकाई गई। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इस आयोजन में युवा, बच्चों और दर्शकों के थिरकने के लिए डीजे, सारफी लाइट, लेजर लाइट, ड्रोन कैमरा, एलईडी स्क्रीन भी लगाया गया था। आयोजन में मधुसूदन यादव, हर्षिता बघेल, हेमा देशमुख, नीलू शर्मा, श्री किशन खंडेलवाल, पवन डागा, अरविंद तिवारी, रवि तिवारी बतौर अतिथि सम्मिलित हुए।

कचड़े के ढेर से मिला नवजात शिशु का भ्रूण

डोंगरगढ़(दावा)। खैरागढ़ जिले के ग्राम मुढ़ीपार में कचड़े के ढेर से नवजात शिशु का भ्रूण मिला है। यह भ्रूण गांव के हाईस्कूल की दीवार से लगे गड्ढे में मिला। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुत्तों ने कचरे के ढेर से नवजात के भ्रूण को खींचकर बाहर निकाल दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों की उस पर नजर पड़ी और उन्होंने पुलिस में इसकी जानकारी दी। फिलहाल नवजात के अविकसित भ्रूण को सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया है। वहीं गातापार थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।



म्यूनिसिपल स्कूल की दही हांडी गोंदिया की टीम ने फोड़ी

यातायात को देखते हुए जनता को परेशानी न हो इस कारण मैदान में किया गया

राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गोविंदा उत्सव समिति के अध्यक्ष वरुण पांडेय ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दही लूट का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक टीम ने हिस्सा लिया। इसमें इनाम की राशि 51 हजार की रखी गयी थी व अन्य सांत्वना पुरुस्कार भी रखा गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न जिलों के अलावा महाराष्ट्र से आए गोविंदा की टीम ने मटकी फोड़ने का प्रयास किया।

रायपुर, दुर्ग की टोलियों ने काफी मसक्कत की। अंततः गोदिंया की टीम मटकी फोड़ने में सफल हुई। जिसे गोविंदा उत्सव समिति के द्वारा नगद 51 हजार रुपए इनाम दिया गया और अन्य टीमों को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। इस दौरान ग्राऊंड में काफी उत्साह से लोग दही लूट का आनंद उठा रहा थे। वहीं डीजे की

धून में युवा थिरक रहे थे। समिति के अध्यक्ष वरुण पांडेय ने बताया कि म्यूनिसिपल स्कूल ग्राऊंड में कार्यक्रम होने से किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई है।

सहपरिवार लोग कार्यक्रम का आनंद लिए। इस दौरान कार्यक्रम में आए अतिथि राजनांदगांव जिले के सांसद संतोष पांडेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव यादव, पूर्व मंत्री नीलू शर्मा, विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष योगेश बागड़ी, पीलू शर्मा सहित आयोजन के प्रमुख पदाधिकारी वरुण पांडेय, अभिषेक सिंह, जयकिशन शर्मा, रिंकु तिवारी, रवि साहू, संदीप शर्मा, ऋषभमल उपस्थित थे।

किराये से देना है

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

आवश्यकता है

रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर

हमारी सेवाएं
रेसिडेंशियल कमर्शियल होटल, हॉस्पिटल पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा राजनांदगांव 491441

WARDHA URBAN & RURAL CO-OP. CREDIT SOCIETY LTD., WARDHA. Multistate
Regd.No.MSCS/CR/394/2011

Operation Area - Maharashtra, Chhattisgarh & Madhy Pradesh

ANNUAL GENERAL MEETING NOTICE

(For Members Only)

Date - 30/08/2024

It is informed to all members that, **30th Annual General Meeting** of the society is to be held on **Sunday Dt. 15 September 2024 at 11.00a.m.** at **Matoshri Conferance Hall, Arvi Road, Wardha Tah., Distt- Wardha-442001 (Maharashtra).** under the Chairmanship of Hon'ble **Shri. Sudhakarraoji Satone** Chairman of the society. The meeting has been called to consider the following topics. However all members are requested to be present on time for the meeting.

VENUE - MATOSHRI CONFERANCE HALL, ARVI ROAD, WARDHA, TAH.,DISTT. WARDHA-442001 (MAHARASHTRA)

::: AGENDA :::

1) Read and approve the previous Annual General Meeting minutes held on 24th September, 2023.
2) Reading the 30th Annual Report of the Management Committee.
3) To Approve Annual Report, Balance Sheet and Profit And Loss A/C for the year ended 31/03/2024.
4) To Approve Statutory Audit Report of 2023-2024.
5) To Approve expenditure exceeding budget in 2023-2024.
6) To Approve the budget for 2024-2025 recommended by the Board of Directors
7) Appointment of Statutory Auditor for the year 2024-2025.
8) To Approve Deposits, Loans, Investments, Employees L.T.C., arbitrator, gratuity, Special withdrawal receipt, Provident Fund, Employees leaves, NOC, Locker rules, NGO, ABB, Adoption of amendment to the members loan guarantee scheme, Gold/Silver liquid rates, Fixed Freight depreciation Rules, Employee compensation rules, gold booking rules, gold member loan guarantee rules, and other applicable regulations.
9) To Approve rates of loans and deposits.
10) Discussion regarding expansion or closure of the branch.
11) To Approve In the financial year 2023-2024, the Board of Directors took decision regarding recovery of loan amount after compromise.
12) To Approve one –time settlement loan scheme for financial year 2024-2025.
13) To Appoint Arbitrator for 2024-2025.
14) To Approve rectification of Employee service rule
15) Any other matter with the permission of chairman.

By Order of Board of Directors

Place : Borgaon (Meghe) Tah.Dist. Wardha 442001 (MH)
Date : 30-08-2024

SIGNATURE
RAMDAS M. WASAKE (CEO)

Special Note:
1. It Quoram is not complete than meeting will be held on the same day and the same place after half an hour and then attending member will form quorum. 2. Members are requested to bring a copy of annual report with them in Annual General Meeting. 3. If members want to ask a question about the functioning of the organization, eight days before the date of the meeting, it should be submitted at the office in written form. Please note that questions arising after the deadline will not be taken into consideration.

Note : Annual report has been sent to all members . In case of non-receipt, please visit the nearest Branch to get the same.

30th Annual Report 2023-2024

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com